आवश्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा, शामली, अमरोहा, मेरठ, लखनऊ से प्रसारित

दैनिक
# उजाला हितैषी एक्सप्रेस
सबका हित सबका विकास



वर्ष : 5 | अंक : 184 | हापुड़, सोमवार 20 जनवरी 2025 | RNI.NO. UPHIN/2020/86789 | मूल्य:03 | पेज़: 06

## महाकुंभ क्षेत्र में लगी आग पर पाया काबू, मौके पर पहुंचे सीएम योगी, पीएम मोदी ने भी ली जानकारी





महाकुंभ नगर । प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ क्षेत्र में रविवार को आग लगने की घटना सामने आई। इसके बाद मौके पर प्रशासन की टीम और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्थिति का जायजा लिया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और आग पर काबू पा लिया गया है। पीएम मोदी ने भी प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बात कर स्थिति की जानकारी ली। रविवार दोपहर बाद करीब 4.30 बजे कुंभ क्षेत्र के सेक्टर 19 स्थित गीता प्रेस में आग लग गई। आग की लपटें बढ़ने के बाद इसके आसपास के प्रयागवाल के 10 टेंट भी प्रभावित हुए। आग लगने के बाद तुरंत अग्निशमन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आग को बुझाया। प्रयागराज के जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मंदर ने कहा कि गीता प्रेस और आसपास के टेंट में आग लगने की सूचना मिलते ही हम तुरंत कार्रवाई में जुटे। अग्निशमन और पुलिस की टीम ने आग पर तत्परता से काबू पा लिया। अब स्थिति सामान्य है और कोई जनहानि की सूचना नहीं है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें मौके पर राहत कार्यों में जुटी हुई हैं। आग लगने के बाद मेला अधिकारी विजय किरन और अन्य आला अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति की समीक्षा की। अधिकारियों ने सुनिश्चित किया कि आग बुझाने के साथ-साथ किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दिया जाए। डीआईजी वैभव कृष्ण ने कहा कि आग पर काबू पा लिया गया है, कृपया अफवाहों पर ध्यान न दें। प्रयागराज में ही मौजूद सीएम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी आग की घटना का संज्ञान लिया।
उन्होंने अधिकारियों को घटनास्थल पर जाने और राहत कार्यों में तेजी लाने का आदेश दिया। इसके अलावा, सीएम योगी ने खुद मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। इस घटना पर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा, प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ-2025 के सेक्टर 19 (तुलसी मार्ग) पर हुए अग्निकांड के संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का दल घटनास्थल पर मौजूद है और वहां आने वाले साधु-संतों एवं श्रद्धालुओं की हर संभव मदद की जा रही है। सरकार की ओर से पूरे प्रकरण पर गंभीर नजर भी रखी जा रही है। स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है।

## गाजियाबाद के लोनी में 4 मंजिला मकान में लगी आग, महिला और 3 बच्चे जिंदा जले, 2 लोग झुलसे

गाजियाबाद । दिल्ली से सटे गाजियाबाद के लोनी इलाके में रविवार तड़के एक चार मंजिला मकान में भीषण आग लगने से एक महिला और 3 बच्चों सहित कुल 4 लोगों की जलकर मौत हो गई। वहीं, एक महिला और छह साल की बच्ची भी झुलसी है। घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड के साथ मौके पर पहुंची पुलिस ने आग बुझाने के बाद शवों को निकाल कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गाजियाबाद पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, आज सुबह 7.00 बजे सूचना मिली कि थाना लोनी क्षेत्र अंतर्गत कंचन पार्क मोहल्ले में एक मकान में आग लगी है। पुलिस द्वारा तुरंत फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना की गई। फायर ब्रिगेड के साथ मौके पर पुलिस ने मकान में लगी आग को बुझाने का प्रयास किया। आग बुझाने के बाद घर के अंदर से एक महिला व तीन बच्चों का शव बरामद हुए। वहीं, एक महिला और छह साल की बच्ची भी झुलसी हुई हालत में मिली। घायलों को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों की पहचान गुलबहार (32 वर्ष) पत्नी शाहनवाज जान मोहम्मद (9 वर्ष) पुत्र शाहनवाज शान (8 वर्ष) पुत्र शाहनवाज जीशान (7 वर्ष) पुत्र शमशाद बताया जा रहा है कि इस तीन मंजिला मकान में नीचे वाले फ्लोर पर माता-पिता रहते थे, बीच वाले में शहनवाज का परिवार रहता था और उससे ऊपर वाली मंजिल पर शहनवाज का भाई रहता था। आग बीच की मंजिल पर लगी थी, जहां मृतक रहते थे। आग लगने के बाद माता-पिता नीचे से बाहर निकल गए, दूसरी भाई के बच्चे ऊपर से निकल गए। आग की चपेट में आने से एक महिला और छह साल की बच्ची भी झुलस गई। दमकल विभाग ने बताया कि आज रविवार सुबह 7.06 बजे फायर स्टेशन कोतवाली द्वारा लोनी फायर स्टेशन पर सूचना मिली कि 4 खंभा रोड गली नंबर-5 कंचन पार्क थाना लोनी गाजियाबाद में एक मकान में आग लगी है। उक्त सूचना को तुरंत फायर स्टेशन लोनी, साहिबाबाद से 3 फायर टैंकर मौके पर रवाना किए गए। दमकल कर्मियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर देखा कि आग चार मंजिला मकान में सेकेंड और थर्ड फ्लोर पर आग लगी थी। पतली गली होने के कारण फायर टैंकर को बाहर खड़ा करके बराबर के मकानों से हौज पाइप फैलाकर आग बुझाने का काम शुरू किया गया। मकान का जीना बहुत पतला था और अत्यधिक धुएं उसमें सामान रखे होने के कारण ऊपर जाने में काफी कठिनाई हुई।
वहां मौजूद लोगों ने बताया कि मकान में कुछ लोग फंसे हुए हैं। इसके बाद बराबर के मकानों से ऊपर जाकर उक्त मकान की दीवारें तोड़ी गईं। आग बुझाकर मकान के अंदर दाखिल हुए दमकल कर्मियों को वहां एक महिला और 3 बच्चों सहित 4 लोग बेहोशी मिले। उन्हें तुरंत ही स्थानीय पुलिस और लोगों के द्वारा अस्पताल भेजा गया। 4 लोग मकान की छत पर पाए गए, जिनमें 2 लोग एक 30 वर्षीय महिला आयशा पत्नी शमसाद और 4 साल का एक बच्चा अयान पुत्र शमसाद झुलसे हुए पाए गए। उन्हें भी स्थानीय लोगों के द्वारा इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं दो लोगों शाहनवाज और शमसाद को सुरक्षित रेस्क्यू कर छत से उतारा गया। उक्त मकान के फर्स्ट और सेकेंड फ्लोर पर सिलाई की मशीनें एवं कपड़े रखे हुए थे।

## छोटे शहरों में स्टार्टअप में आधे से अधिक का नेतृत्व कर रही है बेटिया- मोदी

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि नगालैंड जैसे राज्य में पिछले साल स्टार्टअप के पंजीयन में 200 प्रतिशत की वृद्धि हुयी है और छोटे शहरों में स्टार्टअप में से आधे से ज्यादा का नेतृत्व बेटियां कर रही हैं। श्री मोदी ने आकाशवाणी पर प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात में कहा कि कुछ दिन पहले ही स्टार्टअप इंडिया के नौ साल पूरे हुए हैं। जितने स्टार्टअप नौ साल में बने हैं उनमें से आधे से ज्यादा टियर 2 और टियर 3 शहरों से हैं। इसका मतलब है कि हमारा स्टार्टअप संस्कृति बड़े शहरों तक ही सीमित नहीं है। अंबाला, हिसार, कांगड़ा, चेंगलपट्ठु, बिलासपुर, ग्वालियर और वाशिम जैसे शहर स्टार्टअप के केन्द्र बन रहे हैं। अवशिष्ट प्रबंधन, गैर नवीनीकरण ऊर्जा, बॉयोटेक्नोलॉजी और लॉजिस्टिक ऐसे क्षेत्र हैं जिनसे जुड़े स्टार्टअप सबसे ज्यादा देखे जा रहे हैं। ये परंपरागत क्षेत्र नहीं हैं लेकिन हमारे युवा-साथी भी तो परंपरा से आगे की सोच रखते हैं इसलिए उन्हें सफलता भी मिल रही है। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले जब कोई स्टार्टअप के क्षेत्र में जाने की बात करता था तो उसे तरह-तरह के ताने सुनने को मिलते थे। कोई ये पूछता था कि आखिर स्टार्टअप होता क्या है। तो कोई कहता था कि इससे कुछ होने वाला नहीं है। लेकिन अब देखिए एक दशक में कितना बड़ा बदलाव आ गया। आप भी भारत में बन रहे नए अवसरों का भरपूर लाभ उठाएं। अगर आप खुद पर विश्वास रखेंगे तो आपके सपनों को भी नई उड़ान मिलेगी।

## केजरीवाल पर पत्थर फेंका उन पर हत्या-डकैती जैसे केस - आतिशी



नई दिल्ली । दिल्ली में विधानसभा चुनावों का दौर चल रहा है। आम आदमी पार्टी, भाजपा और कांग्रेस एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं। शनिवार को आम आदमी पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी और नई दिल्ली विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे परवेश वर्मा पर बड़ा आरोप लगाया। एक वीडियो जारी करते हुए आम आदमी पार्टी ने कहा कि शनिवार को चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा के समर्थकों ने केजरीवाल पर हमला किया। अब इस मामले में दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने दावा एक बड़ा दावा किया है। केजरीवाल पर हुए कथित हमले को लेकर आरोप लगाते हुए दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि जिन लोगों ने केजरीवाल पर पत्थर फेंका उन पर हत्या और डकैती जैसे केस दर्ज हैं। आतिशी ने रविवार के एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि जिस शख्स ने अरविं केजरीवाल पर पत्थर फेंका है, वो एक हार्डकोर अपराधी है। आतिशी ने राहुल उर्फ शैंटी नाम के शख्स पर आरोप लगाते हुए कहा कि ये शख्स भाजपा प्रत्याशी परवेश वर्मा का करीबी है और इसपर शकरपुर थाने में एफआईआर दर्ज है। आतिशी ने कहा कि राहुल पर डकैती और हत्या जैसी धाराएं दर्ज हैं। उधर, पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि अरविंद केजरीवाल पर हमला करने वाले भाजपा के ही साथी निकले! अरविंद केजरीवाल की लोकप्रियता से डरी भाजपा अब उनकी हत्या की साजिश रचने पर उतर आई है। अमित शाह, दिल्ली पुलिस आपके अधीन है। फिर भी अब तक आरोपितों की गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई? क्या इन आरोपितों को शह देना भाजपा की राजनीति का ही हिस्सा है? परवेश वर्मा ने दिया जवाब अरविं केजरीवाल पर हमला करवाने का आरोप लगने के बाद परवेश वर्मा का जवाब सामने आया है। नई दिल्ली विधानसभा सीट से उम्मीदवार परवेश वर्मा ने कहा कि अरविं केजरीवाल पिछले 11 सालों से दिल्ली के सीएम हैं, फिर भी उन्हें डो-टू-डोर कैंपेन के लिए जाना पड़ता है। इस दौरान उन्हें जो रिस्पॉन्स मिल रहा है, उससे वो निराश हैं। वर्मा ने केजरीवाल पर आरोप लगाते हुए लिखा कि जब युवाओं ने उनके कैंपेन के दौरान उनसे रोजगार की मांग की तो उन्होंने अपनी कार से युवाओं को टक्कर मार दी। कल तीन युवाओं ने केजरीवाल से मिलकर बात करने की कोशिश की लेकिन कार के अंदर बैठे अरविंद केजरीवाल ने ड्राइवर को गाड़ी चलाने का आदेश दे दिया, जिसके बाद गाड़ी आगे बढ़ गई और युवक घायल हो गए। परवेश वर्मा ने कहा कि हमने चुनाव आयोग से केजरीवाल की शिकायत की है।

## सिर्फ छह माह में आंध्र प्रदेश के लिये तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को मंजूरी दी गई- शाह




अमरावती । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने आंध्र प्रदेश के लिए केवल छह महीनों में तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को मंजूरी दी है। शाह, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (एनआईडीएम) के दक्षिणी परिसर और विजयवाड़ा के पास राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की 10वीं बटालियन के परिसर तथा अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हुडको और विश्व बैंक के माध्यम से अमरावती के विकास के लिए 27,000 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। शाह ने युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) की पिछली सरकार पर कटाक्ष करते हुए आंध्र प्रदेश के लोगों से कहा कि वे 'बर्बाद' हुए पांच वर्ष पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायडू और प्रधानमंत्री मोदी राज्य के विकास के लिए नए सिरे से ध्यान केंद्रित कर तेजी से प्रयास करते हुए मिलकर काम करेंगे। गृह मंत्री ने कहा, मैं यह आश्वासन देना चाहता हूं कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी नीत सरकार आंध्र प्रदेश के विकास के लिए चंद्रबाबू नायडू के साथ चट्टान की तरह खड़ी है। शाह ने एनडीआरएफ के बारे में कहा कि आज भारत आपदा प्रबंधन के मामले में विश्व स्तर पर अगुआ के रूप में उभरा है और आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में देश दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। एनडीआरएफ प्राकृतिक आपदाओं के दौरान काम करता है, जबकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) 'मानव निर्मित' संकटों के दौरान लोगों की सेवा करने के लिए आगे आता है।
उन्होंने जोर देकर कहा कि महाराष्ट्र और हरियाणा में 2024 के विधानसभा चुनावों में बड़ी जीत के बाद राजग 2025 की शुरुआत में दिल्ली में भी सरकार बनाने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने केंद्रीय मंत्री से राज्य के पूरी तरह से आर्थिक रूप से बेहतर स्थिति में आने तक केंद्र से निरंतर समर्थन सुनिश्चित करने की अपील की।

## अखिलेश यादव ने महाकुंभ में वीआईपी लोगों को महत्व देने पर उठाए सवाल



लखनऊ । उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में देश से ही नहीं बल्कि विदेशों से भी लोग आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। इसी बीच समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने महाकुंभ के आयोजन को लेकर यूपी सरकार की व्यवस्थाओं पर सवाल उठाए हैं। सपा प्रमुख ने अति विशिष्ट अतिथियों को तीर्थयात्रियों से अधिक महत्व देने पर गुस्सा जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ परिसर में श्रद्धालुओं को मीलों घूम कर जाना पड़ रहा है। इससे बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं को अत्यधिक असुविधा, कष्ट और थकान का सामना करना पड़ रहा है, जिससे हर तरफ जाम जैसी स्थिति हो गई है। पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, अति विशिष्ट अतिथियों को तीर्थयात्रियों से अधिक महत्व देते हुए संगम की तरफ जाने वाले सभी मार्ग बंद होने से महाकुंभ परिसर में श्रद्धालुओं को मीलों घूमकर जाना पड़ रहा है। इससे बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं को अत्यधिक असुविधा, कष्ट और थकान का सामना करना पड़ रहा है। हर तरफ जाम जैसी स्थिति हो गई है। तत्काल जाम खुलवाया जाए। उन्होंने आगे लिखा, सच्चे श्रद्धावान से महत्वपूर्ण अन्य कोई नहीं होना चाहिए। ट्रैफिक व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए कि सब सुचारू रूप से समानांतर चलता रहे, किसी के लिए भी रास्ते बंद नहीं होने चाहिए। अति विशिष्ट अतिथियों के आने पर तो आवागमन और भी सुगम और सुविधाजनक होना चाहिए, जिससे प्रतीत हो कि विशिष्ट लोगों के आने से व्यवस्था और अच्छी होती है। इससे पहले सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के आंकड़ों पर सवाल उठाए थे। उन्होंने यूपी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा था कि सरकार का हर आंकड़ा फर्जी है। अखिलेश यादव ने कहा था कि कुछ ट्रेनें खाली जा रही हैं। सुनने में ये भी आया है कि गोरखपुर वाली ट्रेन खाली गई है।

## राष्ट्रपति मुर्मू श्रीमंत शंकरदेव पुरस्कार सम्मान समारोह में शामिल होंगी

नई दिल्ली । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अप्रैल में गुवाहाटी में आयोजित होने वाले एक विशेष समारोह में शामिल होंगी, जिसमें इस वर्ष का श्रीमंत शंकरदेव पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। यह पुरस्कार साहित्य, कला, संस्कृति और पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रतिष्ठित व्यक्तियों को दिया जाता है। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को राष्ट्रपति को निमंत्रण दिया और उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया है। शर्मा ने 'एक्स' पर लिखा, ''मुझे माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी से मुलाकात करने का सौभाग्य मिला। मैं माननीय राष्ट्रपति का बहुत आभारी हूं कि उन्होंने हमारे राज्य का दौरा करने और अप्रैल 2025 में श्रीमंत शंकरदेव पुरस्कार प्रदान करने का हमारा निमंत्रण स्वीकार किया। उनका बहुमूल्य समय और मार्गदर्शन सचमुच सराहनीय है।'' इस पुरस्कार का नाम असम के वैष्णव संत और सुधारक श्रीमंत शंकरदेव के नाम पर रखा गया है। असम सरकार 1986 से साहित्य, कला, संस्कृति, पत्रकारिता आदि के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त करने वाले व्यक्तियों को राष्ट्रीय स्तर का श्रीमंत शंकरदेव पुरस्कार प्रदान करती रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### पंजाब और हरियाणा में ठंड बरकरार, कई स्थानों पर कोहरा छाया

चंडीगढ़ । पंजाब और हरियाणा में रविवार को ठंड का प्रकोप जारी रहा और दोनों राज्यों में कई स्थानों पर कोहरा छाया रहा। मौसम विभाग ने बताया कि अमृतसर सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान 4.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि बठिंडा में तापमान 6.6 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, पंजाब में लुधियाना का न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक 8.4 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं पटियाला में न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक 9.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पठानकोट में न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस, गुरदासपुर में 7.3 डिग्री सेल्सियस और फरीदकोट में 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम अधिकारी ने बताया कि दोनों राज्यों की साझा राजधानी चंडीगढ़ में न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 8.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं हरियाणा के अंबाला में न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री सेल्सियस और फरीदाबाद में 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### अरुणाचल प्रदेश के उप मुख्यमंत्री चोवना मीन ने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की शिष्टाचार भेंट

लखनऊ । अरुणाचल प्रदेश के उप मुख्यमंत्री चोवना मीन ने रविवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके पांच, कालिदास मार्ग स्थित सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान में कहा गया है, अरुणाचल प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री चोवना मीन ने रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री कार्यालय ने भी अपने 'एक्स' पर योगी और मीन की मुलाकात की तस्वीर साझा की।

### महराजगंज में पेड़ से टकराने से कार सवार तीन युवकों की मौत

महराजगंज । महराजगंज जिले के निचलौल थाना इलाके में एक ऑल्टो कार के पेड़ से टकरा जाने से तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। निचलौल थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) गौरव कुमार कनौजिया ने बताया कि दुर्घटना बहुवार गांव के पास शनिवार रात करीब 12 बजे हुई, जब कार सवार व्यक्ति निचलौल में एक रिश्तेदार से मिलकर वापस कुशीनगर लौट रहे थे। एसएचओ ने बताया कि तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान राकेश (23), शोभित (30) और देवानंद (28) के रूप में हुई है, तीनों कुशीनगर के रहने वाले थे। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है।

### महाराष्ट्र के रहने वाले भाई-बहन तिरुवनंतपुरम के होटल में मृत मिले

तिरुवनंतपुरम । महाराष्ट्र के रहने वाले भाई-बहन रविवार सुबह यहां एक होटल के कमरे में मृत मिले। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतक भाई-बहन मूलरूप से पुणे के रहने वाले थे। उसने बताया कि वे दोनों होटल में ठहरने के लिए पिछले शुक्रवार को आये थे। होटल के कर्मचारियों ने सुबह काफी देर तक कमरा बंद पाया, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने बताया कि व्यक्ति का शव फंदे से लटका मिला, जबकि महिला का शव बिस्तर पर पड़ा था। कमरे से एक सुसाइड नोट मिला, जिससे संकेत मिलता है कि दोनों के पास न तो घर था और न ही नौकरी। घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा, ''एक सुसाइड नोट मिला है और आगे की जांच के आधार पर ही हम विस्तृत जानकारी दे सकते हैं।'' पुलिस ने बताया कि यह पता लगाया जा रहा है कि दोनों तिरुवनंतपुरम क्यों आए थे और किस वजह से उन्होंने यह कठोर कदम उठाया।

### बीड में बस ने तीन लोगों को कुचला, चालक गिरफ्तार

छत्रपति संभाजीनगर । महाराष्ट्र के बीड जिले में रविवार तड़के राज्य परिवहन की एक बस ने तीन लोगों को कुचल दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना सुबह करीब छह बजे हुई जब युवाओं का एक समूह बीड तालुका के घोडका राजुरी गांव के पास पुलिस भर्ती के लिए प्रशिक्षण ले रहा था। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) की बस बीड से परभणी की ओर जा रही थी, तभी उसने सड़क किनारे प्रशिक्षण ले रहे तीन लोगों को कुचल दिया। उन्होंने बताया कि समूह के दो अन्य लोग सुरक्षित बच गए। अधिकारी ने बताया कि मृतक सुबोध मोरे (20), विराट घोडके (19) और ओम घोडके (20), घोडका राजुरी गांव के निवासी थे। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए बीड के जिला अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि बस चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके खिलाफ मामला दर्ज किया जा रहा है। अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने राज्य परिवहन की बस में तोड़फोड़ की और मृतकों के परिजनों के लिए राज्य परिवहन विभाग में नौकरी की मांग की

### राकांपा के सम्मेलन के लिए मंत्री मुंडे शिरडी पहुंचे

शिरडी । बीड जिले में सरपंच की हत्या को लेकर विवादों में घिरे महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे रविवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (रांकापा) के सम्मेलन के लिए शिरडी पहुंचे। राज्य के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री शनिवार को पहले दिन पार्टी की बैठक में शामिल नहीं हुए थे। मसजोग के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या को लेकर मुंडे विपक्ष और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेताओं के निशाने पर हैं। हत्या से जुड़े जबरन वसूली के मामले में उनके सहयोगी वाल्मिक कराड को गिरफ्तार किया गया है। शनिवार को महाराष्ट्र सरकार द्वारा जारी प्रभारी मंत्रियों की सूची में मुंडे का नाम नहीं था। विपक्ष और भाजपा के स्थानीय नेताओं द्वारा राज्य मंत्रिमंडल से मुंडे को हटाने की मांग के बावजूद, राकांपा प्रमुख एवं उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने विवाद को लेकर मुंडे से इस्तीफा मांगने से इनकार कर दिया है और कहा है कि सबूत मिलने पर ही वह कार्रवाई करेंगे।

### जम्मू कश्मीर के सांबा में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास मोर्टार का गोला बरामद

जम्मू । जम्मू कश्मीर के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने रविवार को जंग लगा 82 मिमी का मोर्टार का गोला बरामद किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि रामगढ़ उप सेक्टर में सीमा चौकी कामौर क्षेत्र के पास बीएसएफ के गश्ती दल ने सुबह करीब 9.45 बजे मोर्टार का गोला देखा। क्षेत्र की तुरंत घेराबंदी कर ली गयी और विस्फोटक उपकरण को सुरक्षित रूप से निष्क्रिय किया जा रहा है।

# संपादकीय

## युगों-युगों के लिए आदर्श भाई बन गए भरत

श्रीराम वनवास के बाद महाराज दशरथ ने उनके वियोग में अपना प्राण त्याग दिया। फिर गुरुदेव वसिष्ठ के आदेश से उनके शरीर को सुरक्षित रख दिया गया और ननिहाल से भरत और शत्रुघ्न को बुलाने के लिए शीघ्रगामी दूत भेजे गये। भरतजी के ननिहाल से लौटने के बाद कैकेयी ने उन्हें प्रेमपूर्वक गले से लगाया और उनसे अपने पिता, भाई और माता की कुशल क्षेम पूछी। महाराज दशरथ को कैकेयी के महल में न देखकर भरत ने पूछा, मां तुम यहां अकेली बैठी हो, तुम्हारे बिना तो पिताजी एकांत में कभी नहीं रहते थे। भईया श्रीराम भी नहीं दिखाई दे रहे हैं। कारण क्या है उन्हें नहीं देखकर मुझे दुख हो रहा है। कैकेयी ने कहा कि पुत्र तुम्हारे लिये भय और दुख की कोई बात नहीं है। मैंने महाराज से पूर्व वर के अनुसार तुम्हारे लिये राज्य तथा श्रीराम के लिये चैदह वर्षों का वनवास मांग लिया। श्रीराम के वनवास से दुखी होकर तुम्हारे पिता मृत्यु को प्राप्त हुए। कैकेयी के इस कुकृत्य को सुनकर भरत शोक समुद्र में डूब गये। उन्होंने कैकेयी से कहा, अरी पापिनी, तू बात करने योग्य नहीं है। तू अपने पति की हत्या करने वाली हत्यारिणी है और तेरे गर्भ से जन्म लेने के कारण उस महापाप का मैं भी भागीदार हूं। मैं तेरा मुंह भी नहीं देखना चाहता। अत: तू मेरे सामने से तत्काल हट जा। कैकेयी के कुकृत्य की निंदा करने के बाद भरत माता कौशल्या के पास गये और उन्हें विभिन्न प्रकार से सांत्वना दी। उसके बाद उन्होंने गुरुदेव वसिष्ठ की आज्ञानुसार महाराज दशरथ का विधिवत अंतिम संस्कार किया तथा पिता के उद्देश्य से ब्राम्हणों को अनेक प्रकार का दान दिया। गुरुदेव वसिष्ठ के आदेश और माता कौसल्या के अनुरोध के बाद भी भरत ने राज्य लेना अस्वीकार कर दिया तथा सबको साथ लेकर श्रीराम को मनाने के लिए पैदल ही चित्रकूट चल दिये। मार्ग में निषादराज गुह और श्रीभरद्वाज जी से मिलते हुए भरतजी चित्रकूट पहुंचे। वहां उन्होंने दूर्वादल के समान श्याम शरीर और विशाल हृदय वाले श्रीराम को बैठे हुए देखा। वे श्रीजानकीजी को निहार रहे थे और श्रीलक्ष्मणजी उनके चरण कमलों में सेवा कर रहे थे। भरत पाहि नाथ! कहते हुए दण्ड की भांति जमीन पर गिर पड़े और उन्होंने श्रीराम के युगल चरणों को पकड़ लिया। श्रीराम ने प्रेम से अधीर होकर उन्हें गले से लगाया। भरतजी ने श्रीराम से कहा, हे महाभाग! यह समस्त पैतृक राज्य आप ही का है। आप हमारे बड़े भाई हैं, आप हमारे पितातुल्य हैं। आप इस राज को स्वीकार करें और मेरी माता के अपराध को भुलाकर हमारी रक्षा करें। श्रीराम ने कहा, भाई पिताजी ने मुझे चैदह वर्ष का वनवास और तुम्हें अयोध्या का राज्य दिया है। पिता के आदेश का पालन करना हम दोनों का परम धर्म है। जो मनुष्य पिता के आदेश का उल्लंघन करता है वह जीता हुआ भी मृतक के समान है। अत: तुम अयोध्या का पालन करो और मैं दण्डकारण्य में निवास करूंगा तथा वनवास से लौटने के बाद जैसा तुम चाहोगे वैसा करूंगा। इस तरह विभिन्न प्रकार से समझाकर श्रीराम ने अपनी चरण पादुकाएं श्री भरत जी को सौंप दीं। भरतजी अयोध्या लौट आये और उन पादुकाओं को सिंहासन पर स्थापित कर नंदीग्राम में तपस्वी जीवन व्यतीत करते हुए अयोध्या पर शासन करने लगे।

## अगली सर्दियों के लिए बचाएं ऊनी कपड़ों को

गर्मियां शुरू होते ही सबसे बड़ी समस्या होती है गर्म कपड़ों को सहेजने की। पूरी सर्दी इस्तेमाल होने वाले गर्म कपड़ों को अगर सही तरीके से नहीं रखा जाए तो अक्सर ये खराब हो जाते हैं। स्वेटर, स्कार्फ, शॉल, कंबल को संभालने का तरीका भी अलग-अलग हैं। कई लोग महंगे शॉल या ऊनी कुर्ती ले लेते हैं पर लापरवाही के कारण ये खराब हो जाते हैं। सेमी पश्मीना और पश्मीना की देखभाल ज्यादा करनी पड़ती हैं वरना कीड़े लग जाते हैं। जहां तक कंवल की बात हैं तो अगर कंबल हल्का हैं तो इसे घर में इजी से आसानी से धो सकते हैं, पर रखने से पहले यह अच्छी तरह सूखा होना चाहिए। सुखाने के बाद इसे अच्छी तरह पॉलीबैग में लपेट कर रखें ताकि धूल-मिट्टी से यह दूर रहें। अच्दे से न धुलने के कारण गर्म कपड़ों में जल्द ही कीड़े लग जाते हैं। कीड़ों के पनपने के कारण कपड़ों में छोटे-छोटे छेद हो जाते हैं। मगर कुछ आसान तरीके अपना कर आप वुलन्स की देखभाल आसानी से कर सकती हैं। कपड़ों पर लिखी गई जानकारी ध्यान में पढ़े। अगर ड्राईक्लीन की जरूरत हैं, तो रखने से पहले ड्राईक्लीन जरूर कराएं। कुछ लोग कपड़ों में फिनाइल की गोलियां इस्तेमाल करते हैं पर इसके साथ कुछ सावधानी जरूरी है। फिनाइल की गोलियां कपड़ों में कीड़े लगने से बचाती हैं पर काफी समय तक पड़े रहने के कारण इनसे कपड़े खराब भी हो जाते हैं और जब हम इन्हें पहनते हैं तो इनसे निकलने वाला केमिकल हमारी त्वचा को भी नुकसान पहुंचाता हैं। इसलिए फिनाइल की गोलियां कपड़ों के बीच न डालकर अगल-बगल डाल दें। इससे कपड़े भी सुरक्षित रहेंगे और कीड़ों से भी बचेंगे। फिनाइल की गोलियों की जगह नीम की सूखी पत्तियों को इस्तेमाल किया जा सकता हैं। रेशम और पश्मीना की शॉल, स्वेटर और कुर्ती को अगर आप थोड़ी देर के लिए भी इस्तेमाल करते हैं तो इन्हें ड्राईक्लीन करा कर ही रखें वरना इनमें जगह-जगह छेद हो जाएंगे। वूलन कोट, वूलन कैप को अच्दी तरह कवर कर रखें। हो सके तो इन्हें कवर में रखकर हैंग कर दें। किसी भी ऊनी कपड़े को बिना धोएं न रखें। हमेशा सही तरीके से उन्हें पॉलीबैग या बैग में बंद कर रखें। कपड़ों को कीड़े न खाएं इसके लिए थोड़ी काली मिर्च पाउडर कागज या बैग में लपेट कर कपड़ों के साथ रख दें। अगर आपके कपड़ों में जिप या बटन हैं तो उसे लपेट कर रखें, टागें नहीं। हमेशा माइल्ड डिटरजेंट से ही ऊनी कपड़े धोकर रखें ताकि वे खराब न हो।

## 20 जनवरी 2025 का पंचांग

सूर्योदय- 07.14 प्रात-
सूर्यास्त- 06.01 सायं
सूर्य राशि- मकर राशि में।
चंद्र उदय- 11.49 सायंकाल
चंद्र अस्त- 11.31 प्रात-
चंद्रमा- कन्या राशि में।






आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

-विक्रम समवत 2081 अमांत महीना पौष-21 पूर्णिमांत महीना माघ-07, पक्ष-कृष्ण 06, तिथि- षष्ठी प्रात- 09.58 तक बाद में सप्तमी, नक्षत्र- हस्त रात्रि- 08.30 तक बाद में सप्तमी, योग- सुकर्मा रात्रि- 02.53 तक बाद में ध्रती,करण-वणिज प्रात- 09.58 तक बाद में विष्टी रात्रि- 11.18 तक बाद में बव,राहु काल प्रात- 07.30 से 09.00 बजे तक,कुलीक काल दोपहर- 01.30 से 03.00 बजे तक, यमगंड प्रात- 10.30 से 12.00 बजे तक अभिजीत मुहूर्त दोपहर- 12.16 से 12.59 तक दुमुहूर्त दोपहर- 12.59 से 01.42 तक व दोपहर- 03.08 से 03.52 तक अमृत काल- 01.44 से 03.32 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.37 से 06.25 तक।

## आज 20 जनवरी का दैनिक राशिफल।

मेष- मेडिकल सम्बन्धित क्षेत्र में जॉब, एवं शिक्षा में प्रगति योग है, बीमा क्षेत्र में काम मिलने में परेशानी होगी, मन की एकाग्रता पर कार्य करें।
भाग्य प्रतिशत-61

वृषभ- घर पर मित्र मिलने आयेंगे, किसी कार्य में उनसे सहयोग मिलेगा, सरकारी नौकरी, राजनीति में है तो प्रगति करेंगे, झूठे इल्ज़ाम से बचें।
भाग्य प्रतिशत-68

मिथुन-बहुत से काम एकसाथ ना करे, प्लानिंग करें, फैक्ट्री में उपकरण बनाने का कार्य कर सकते है, बाहर के लोगों से काम लेने में में मुश्किल होगी।
भाग्य प्रतिशत-62

कर्क-परिवार में टकराव सम्भव है,टेंशन बढ़ेगी, संबंधों का चलना मुश्किल होगा, कॉलेज में कोई डिग्री कागज मिलने में समस्या आ सकती है।
भाग्य प्रतिशत-48

सिंह-कड़ेपन का रवैया ना रखें, सॉफ्टवेयर डवलप, विज्ञापन, एवं प्रिंटिंग कार्य में उन्नति होगी, विदेश में जॉब मिल सकती है।
भाग्य प्रतिशत-66

कन्या- अपनी जरुरत के कार्यो में धन खर्च होगा, पत्नी के परिवार से संबंधों को अच्छे से निभाए, प्रसिद्ध व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है।
भाग्य प्रतिशत-76

तुला- दूसरे शहर में फ्लेट लेने का सपना पूरा हो सकता है, कम्पनी में बड़े अधिकारी से तारीफ मिलेगी, वकील को कम्पनी, लेबर केस मिलेगा।
भाग्य प्रतिशत-78

वृश्चिक-प्रत्येक कार्य में प्रेक्टिकल रवैय्या और धनार्जन का विचार रखेंगे, विरोधियों पर भारी पड़ेंगे, ठेकेदारी, सामाजिक कार्य उन्नति देंगे।
भाग्य प्रतिशत-70

धनु- पिता से मिले धन को सोच समझकर खर्च करें व लगाए, धीरे धीरे अभिलाषा पूरी होंगी, पित्त एवं गैस की प्रकृति बढ़ेगी।
भाग्य प्रतिशत-56

मकर- जीवन से थोड़े नाखुश रहेंगे, सेटलमेंट की चिंता रहेगी, आत्मविश्वास बना कर रखना होगा, कार्य समय पर करें।
भाग्य प्रतिशत-50

कुम्भ-हाथो और कँधों में परेशानी हो सकती है, योजनाए पूरी करने में कठिनाई आयेगी, तनाव युक्त ना रहे अन्यथा काम नहीं कर पाएंगे।
भाग्य प्रतिशत-49

मीन-बहुत से लोगों के पहचान होगी, अपने व्यवहार को नियंत्रण में रखना होगा, दवाई बनाने की फैक्ट्री लगा सकते है।
भाग्य प्रतिशत-55

# 'कौन बनेगा करोड़पति - ज्ञान का रजत महोत्सव' में भावुक हुये अमिताभ बच्चन

मुंबई । बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन 'कौन बनेगा करोड़पति - ज्ञान का रजत महोत्सव' में भावुक हो गये। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न का लोकप्रिय गेम शो 'कौन बनेगा करोड़पति' एक अद्भुत उपलब्धि का जश्न मनाने जा रहा है।ज्ञान का प्रसार करने, सपनों को साकार करने और जीवन बदलने वाले पलों को रचने की अद्भुत यात्रा के 25 साल का उत्सव। यह भव्य उत्सव 20 जनवरी से ज्ञान का रजत महोत्सव के साथ शुरू होगा, जो ढेर सारे किस्सों, रोमांच और यादगार पलों का वादा करता है। इस मौके को और भी खास बनाते हुए, इस उपलब्धि भरे सीज़न की हॉट सीट पर बैठने वाली पहली प्रतियोगी चंडीगढ़ की अंजलि तोमर हैं। बड़े सपनों और अटूट जज़्बे वाली अंजलि केबीसी को ज़िंदगी बदलने वाला मौका मानती हैं,



जिससे वह अपने भविष्य को बेहतर बना सकती हैं और अपने प्रियजनों को खुशमय जीवन दे सकती हैं। एपिसोड के दौरान, अमिताभ बच्चन के लिए एक दिल छूने वाला वीडियो चलाया गया, जिसमें उनके प्रशंसकों के संदेश हैं, जिन्होंने उन्हें कौन बनेगा करोड़पति के 25 साल पूरे होने पर बधाई दी। एक दर्शक ने भावुक होकर कहा, केबीसी किसी त्योहार की तरह है, एक जादुई अनुभव, और अमिताभ उसके जादूगर हैं। लोग केबीसी को आपके बिना सोच भी नहीं सकते। मेरी कामना है कि यह शो अगले 25 या यहां तक कि 50 सालों तक जारी रहे, और इस सफर में आप हमेशा एक अहम हिस्सा बने रहें। खुद को मिलने वाले इतने सारे प्यार और आशीर्वाद से भावुक होकर, भावुक अमिताभ बच्चन ने जवाब दिया, बहुत-बहुत धन्यवाद, देवीजी। आपने बहुत अच्छी और अद्भुत बातें कही हैं। मैंने इस शो को कभी भी केवल काम के तौर पर नहीं देखा। इस मंच पर कदम रखने वाला हर प्रतियोगी, और उपस्थित हर दर्शक, मेरे घर में आने वाले मेहमान की तरह महसूस होता है। जिस तरह से हम पूरे उत्साह और आतिथ्य के साथ घर पर मेहमानों का स्वागत करते हैं, मैं यहां भी वही शिष्टाचार दिखाने का प्रयास करता हूं। अमिताभ ने कहा,मुझे आप सभी असल में परिवार के सदस्य की तरह महसूस होते हैं। जीवन में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं, और जब मैं प्रतियोगियों को अच्छा प्रदर्शन करते हुए देखता हूं, तो इससे मुझे बेहद खुशी होती है। लेकिन जब उन्हें दिक्कत होती है या वे हारते हैं तो मुझे बहुत दुख होता है। मैंने अक्सर कहा है कि प्रतियोगियों को जो दर्द महसूस होता है वही दर्द मुझे भी होता है।
किसी को मुश्किलों में फंसे हुए देखना कभी भी आसान नहीं होता। इस गेम में केवल एक सही जवाब से एक ही पल में जीवन को बदलने की ताकत है। लोग अनगिनत उम्मीदें और सपने लेकर यहां आते हैं और जब उनके सपने सामने आते हैं तो उन पलों का हिस्सा बनना मेरे लिए प्रेरणा का स्रोत है। मुझे उम्मीद है कि आप सभी का प्यार और स्नेह हमेशा यूं ही मजबूत होता रहेगा।

## विद्या बालन और सिद्धार्थ ने जावेद अख्तर को जन्मदिन पर दिया खास तोहफा

मुंबई । मशहूर लेखक-गीतकार जावेद अख्तर के 80वें जन्मदिन पर उनके घर फिल्म जगत के कई सितारों ने शिरकत की। जश्न में शामिल विद्या बालन और सिद्धार्थ रॉय कपूर ने दिग्गज गीतकार को खास तोहफा भेंट किया। विद्या सिद्धार्थ ने जावेद अख्तर के लिए एक खास केक बनवाया और इसका संबंध उनकी कुछ सबसे मशहूर फिल्मों जैसे 'शोले', 'दीवार', 'शान' से है। उन्होंने जावेद अख्तर के कुछ मशहूर फिल्म किरदारों पर उनकी छवि लगवाई। सोशल मीडिया पर सक्रिय दिग्गज अभिनेत्री शबाना आजमी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर केक की तस्वीर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, सिद्धार्थ रॉय कपूर और विद्या बालन ने जावेद को उनके जन्मदिन पर यह तोहफा दिया है। केक को ध्यान से देखिए। किरदारों में जावेद का चेहरा है। इससे पहले, अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर ने इंस्टाग्राम पर जावेद अख्तर की जन्मदिन पार्टी की तस्वीर साझा की थी, जिसमें बच्चन फैमिली समेत फिल्म जगत के कई सितारे नजर आए। दिग्गज गीतकार-लेखक का 80वां जन्मदिन खास अंदाज में मनाया गया। सितारों से सजी पार्टी में आमिर खान, उर्मिला मातोंडकर समेत कई सितारों ने शिरकत की और उन्हें शुभकामनाएं दी। अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा की थी, जिसमें जावेद अख्तर के साथ पोज देती नजर आईं। एक दूसरी तस्वीर में भी उर्मिला, अमिताभ बच्चन और जया बच्चन के साथ कैमरे के सामने मुस्कुराती हुई पोज देती दिखीं। तस्वीरों के साथ उर्मिला मातोंडकर ने एक वीडियो भी पोस्ट किया था, जिसमें आमिर खान, फरहान अख्तर, जोया अख्तर, शंकर महादेवन समेत फिल्म जगत के अन्य सितारे दिग्गज गीतकार के लिए 'हैप्पी बर्थडे' गाते नजर आए थे। सोशल मीडिया पर अक्सर एक से बढ़कर एक पोस्ट साझा करने वाली अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा था, यह एक बेहतरीन दिन था, हमारी इंडस्ट्री की कुछ बेहतरीन प्रतिभाओं के साथ प्यार, हंसी, स्नेह, प्रशंसा और बेहतरीन सौहार्द से भरी दोपहर थी, क्योंकि हम सभी के लिए बहुत ही खास व्यक्ति का जन्मदिन था। असल में वह जादू हैं, क्योंकि पूरा देश दशकों से उनके शब्दों से मंत्रमुग्ध रहा है। जावेद अख्तर इन शानदार पलों के लिए डियर शबाना आजमी का शुक्रिया, जिन्होंने वास्तव में मेरे जीवन को शानदार बना दिया है। फिल्म निर्माता-निर्देशक और कोरियोग्राफर फराह खान ने भी एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह जावेद अख्तर के साथ शाहरुख खान-जूही चावला स्टारर डुप्लीकेट के गाने मेरे महबूब मेरे सनम पर डांस करती नजर आईं थीं।
फराह ने इंस्टाग्राम पर वीडियो साझा करते हुए कैप्शन में लिखा था, किसी भी कमरे में सबसे कम उम्र के लड़के को 80वें जन्मदिन की शुभकामनाएं। उन्होंने आगे लिखा, जावेद अख्तर निश्चित रूप से शबाना आजमी से बेहतर डांस करते हैं।

## सैफ अली खान हमला - मां करीना कपूर के साथ पिता से मिलने अस्पताल पहुंचे जेह और तैमूर

मुंबई । अभिनेत्री करीना कपूर हाल ही में लीलावती अस्पताल में नजर आईं। जहां वह अपने बेटों जेह (जहांगीर) और तैमूर के साथ सैफ अली खान का हालचाल जानने पहुंचीं। बांद्रा स्थित आवास पर हमले के दौरान घायल अभिनेता लीलावती अस्पताल में भर्ती हैं। डॉक्टरों के अनुसार वह खतरे से बाहर हैं और ठीक हो रहे हैं। शनिवार को सारा अली खान, सबा खान, सोहा अली खान, शर्मिला टैगोर समेत परिवार के अन्य सदस्य भी सैफ से मिलने अस्पताल पहुंचे। इस बीच, मुंबई पुलिस ने खुलासा किया है कि मोहम्मद शहजाद नामक आरोपी को महाराष्ट्र के ठाणे से गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि आरोपी मूल रूप से बांग्लादेश का है। मुंबई क्राइम ब्रांच के डीसीपी दीक्षित गेदम ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, आरोपी के पास वैध भारतीय दस्तावेज नहीं हैं। उसके पास से प्राप्त कुछ रिकार्ड से संकेत मिला है कि वह बांग्लादेशी नागरिक है। डीसीपी ने बताया, एफआईआर दर्ज कर ली गई है और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसका नाम मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद है, वह 30 साल का है। वह लूटपाट के इरादे से घर में घुसा था। पुलिस ने अभिनेता पर हमला करने वाले आरोपी को रविवार को बांद्रा कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने आरोपी मोहम्मद शहजाद को पांच दिन की कस्टडी में भेज दिया। हालांकि, पुलिस ने 14 दिनों की कस्टडी मांगी थी। पुलिस ने कोर्ट में पेश करने से पहले मुंबई के बांद्रा इलाके में स्थित भाभा हॉस्पिटल में आरोपी का मेडिकल कराया। इस बीच आरोपी के वकील ने दावा किया है कि बांग्लादेश से घुसपैठ की बात निराधार है। पीड़ित सेलिब्रिटी है, इस वजह से इस मामले को इतना तूल दिया जा रहा है। मामले में सरकारी वकील ने दलील दी कि आरोपी को पता था कि उस इलाके में सेलिब्रिटी रहते हैं और वहां सुरक्षा कड़ी रहती है, इसके बावजूद वह अंदर पहुंचा। इसका मतलब उसने प्लानिंग की थी। उसकी किसने मदद की, कौन उसे सहारा दे रहा था। इसकी जांच की जानी चाहिए। आरोपी का ब्लड सैंपल लेना है, जिस समय आरोपी ने हमला किया उस समय इसके शरीर पर भी खून पड़ा होगा, हमें वो कपड़ा जब्त करना है ताकि उसे मैच किया जा सके। बता दें, पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए 35 से अधिक टीमों का गठन किया था। आपको बता दें कि 16 जनवरी को सैफ पर उनके बांद्रा स्थित अपार्टमेंट में कई बार चाकू से हमला किया गया था। इस हमले में जख्मी होने के बाद सैफ लीलावती अस्पताल गए थे। उनकी सर्जरी भी हुई थी। डॉक्टरों के मुताबिक उनकी हालत स्थिर है और वे खतरे से बाहर हैं।

## सर्राफा बाजार में कमजोरी के रुख से सस्ता हुआ सोना, चांदी की भी फीकी पड़ी चमक

नई दिल्ली । लगातार तीन दिन की तेजी के बाद आज घरेलू सर्राफा बाजार में गिरावट का रुख बना हुआ है। आज सोने की कीमत में 160 रुपये से लेकर 170 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की कमजोरी दर्ज की गई है। इसी तरह चांदी की कीमत में भी आज 500 रुपये प्रति किलोग्राम की गिरावट आई है। सोने की कीमत में आई कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 81,260 रुपये से लेकर 81,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 74,500 रुपये से लेकर 74,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में आई कमजोरी के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 96,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 81,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 74,500 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट



सोना 81,110 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 74,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 81,160 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 74,400 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 81,110 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 74,350 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 81,110 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 74,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 81,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 74,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।
वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 81,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 74,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 81,260 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 74,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में कमजोरी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 81,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना आज 74,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## कंगना रनौत की 'इमरजेंसी' ने दो दिनों में कमाए 7.39 करोड़ रुपये



मुंबई । अभिनेत्री कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर दो दिनों में 7.39 करोड़ रुपये की कमाई की है। निर्माताओं ने रविवार को यह जानकारी दी। यह फिल्म 1975 से 1977 तक के 21 महीनों के आपातकाल पर केंद्रित है और रनौत ने इसमें पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभायी है। फिल्म सेंसर प्रमाणपत्र और सिख समुदाय को गलत ढंग से प्रस्तुत करने के आरोपों के कारण विवादों में रही और इसका रिलीज कई बार टाल दिया गया था, लेकिन अंततः इसे शुक्रवार को पूरे देश में रिलीज किया गया। रनौत की मणिकर्णिका फिल्म्स के अनुसार, फिल्म ने पहले दिन 3.11 करोड़ रुपये की कमाई की, उसके बाद शनिवार को 4.28 करोड़ रुपये की कमाई की। फिल्म की दो दिन की कुल कमाई 7.39 करोड़ रुपये रही। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति और सिख संगठनों द्वारा राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन तथा कई राजनेताओं द्वारा प्रतिबंध की मांग के बाद शुक्रवार को पंजाब के सिनेमाघरों में 'इमरजेंसी' प्रदर्शित नहीं की गई। शीर्ष गुरुद्वारा संस्था एसजीपीसी और कई सिख संगठनों ने राज्य भर में सिनेमाघरों, मल्टीप्लेक्स और मॉल के बाहर फिल्म के खिलाफ प्रदर्शन किया। रनौत ने 'इमरजेंसी' पर प्रतिबंध की मांग की निंदा की और कहा कि पंजाब के कुछ हिस्सों में फिल्म के प्रदर्शन को प्रतिबंधित किया जाना 'कला और कलाकार का पूरी तरह उत्पीड़न' है।

## दक्षिण अफ्रीका पर शानदार जीत के साथ भारतीय महिला टीम खो-खो विश्व कप 2025 के फाइनल में पहुंची

नयी दिल्ली । भारतीय महिला खो खो टीम ने शनिवार को इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में पहले खो खो विश्व कप 2025 के सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 66-16 से हराकर एक बार फिर अपनी सामरिक क्षमता का परिचय दिया। ब्लू जर्सी में महिलाओं ने अटैक और डिफेंस दोनों में शानदार प्रदर्शन किया, जिससे नेपाल के साथ रोमांचक फाइनल मुकाबला तय हो गया। ब्लू जर्सी में महिलाओं ने चैथरा बी के ड्रीम रन के साथ शानदार शुरुआत की, जो नाजिया बीबी और निर्मला भाटी के डिफेंडरों द्वारा पकड़े जाने के बाद भी जारी रही। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका की सिनेथेम्बा मोसिया द्वारा बाहर किए जाने से पहले अकेले ही 5 अंक बनाए। यह उन्हें टर्न 1 के अंत में दक्षिण अफ्रीका के 8 अंकों के करीब ले जाने के लिए पर्याप्त था, जिससे उन्हें मैच की शानदार शुरुआत मिली। टर्न 2 में रेशमा ने पूरे फॉर्म में खेल दिखाया। भारतीय महिलाओं ने दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों को कई बैचों में आउट किया और महत्वपूर्ण अंक अर्जित किए। यह टीम के लिए



महत्वपूर्ण साबित हुआ, क्योंकि स्कोर ब्लू जर्सी में भारतीय महिलाओं के पक्ष में 33-10 था। भारतीय महिला टीम के लिए अपने दूसरे मैच में ड्रीम रन टर्न 3 के अंत में आया। इस दौरान वैष्णवी पोवार, नसरीन शेख और भीलरदेवी ने 5 मिनट तक अच्छा खेल दिखाया। उनके 5 अंक तीसरे टर्न के प्रतीक थे, क्योंकि स्कोर 38-16 था, जिससे उन्हें सेमीफाइनल मुकाबले के अंतिम 7 मिनट में एक मजबूत मंच मिला। टर्न 4 में दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों के लिए सबसे लंबा बैच सिर्फ 1 मिनट और 45 सेकंड तक चला, जिससे भारतीयों ने फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। नसरीन शेख और रेशमा राठौड़ ने टीम को जीत दिलाई और अंतिम स्कोर 66-16 रहा। भारतीय टीम रविवार 19 जनवरी को इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में फाइनल में नेपाल से भिड़ेगी। इससे पहले नेपाल की महिलाओं ने सेमीफाइनल मुकाबले में युगांडा को 89-18 से हराकर खो-खो विश्व कप 2025 के महिला वर्ग के फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। मैच पुरस्कार - मैच का सर्वश्रेष्ठ अटैकर- सिनेथेम्बा मोसिया (टीम साउथ अफ्रीका) मैच का सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर- निर्मला भाटी (टीम इंडिया) मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी- वैष्णवी पवार (टीम इंडिया)

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्रा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

# बेकाबू डंपर की टक्कर से बाइक सवार मां बेटे की गई जान बहु हुई गंभीर घायल



उजाला हितैषी एक्सप्रेस सैय्यद मजहर

बुलंदशहर । गुलावठी क्षेत्र के सैदपुर रोड काली नदी के निकट एक सड़क हादसे में गई मां बेटे की जान और बहू हुई गंभीर रूप से घायल ! हापुड क्षेत्र के मोड़ी ग्राम निवासी सुभान अपनी मां आमना और पत्नी हिना के साथ गेसूपुर बाइक द्वारा जा रहा था ओवरटेक करने की कोशिश में डंपर ने टक्कर मार दी इस हादसे के बाद डंपर सड़क किनारे खाई में पलट गया चालक फरार हो गया । बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर गिरकर गए सुभान और उसकी मां आमना ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि उसकी पत्नी हिना गंभीर रूप से घायल हो गई हिना को सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया हादसे की सूचना पाकर कोतवाली प्रभारी सुनीता मलिक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त कराया! इस हादसे से परिवार में शोक की लहर दौड़ गई परिवार के लोग और गांव के लोग अस्पताल पहुंच गए। मृतक के परिजनों ने लापरवाह डंपर चालक के खिलाफ कोई तहरीर नहीं दी हैं तहरीर मिलने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी ।

# श्री हेल्थी विंग हॉस्पिटल ने लगाया निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलन्दशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर के खुर्जा में नेहरूपुर चुंगी, चामुंडा मंदिर टंकी के पास श्री हेल्थी विंग हॉस्पिटल ने निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया। सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चले इस कैंप में 500 मरीजों की मुफ्त जांच और दवाइयों का वितरण किया गया। सिकंदराबाद विधायक लक्ष्मी राज सिंह ने कैंप में पहुंचकर डॉक्टरों को बधाई दी और कहा कि श्री हेल्थी विंग हॉस्पिटल लगातार लोगों की सेवा में तत्पर रहता है। डॉ. पुलकित जैन और डॉ. श्रुति मोहन उमियाल जैन ने बताया कि यह कैंप हर महीने आयोजित किया जाता है, जिससे लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलती हैं। डॉ. ऋषि तोमर, डॉ. संगीता चौधरी, विनोद, दीपांशु लोधी, पूजा, इमरान, सी.पी. शर्मा, और सुमित सैनी सहित सभी डॉक्टरों को ग्रामीणों ने धन्यवाद दिया। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कैंप स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ी मदद करते हैं।

# भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति ने किया संगठन विस्तार



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। गाजियाबाद के विजय नगर में भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भानु गुट छोड़कर भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति की सदस्यता ग्रहण की। राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह की अध्यक्षता में बैठक में संगठन के कई पदाधिकारियों को मनोनीत किया गया। प्रमुख नियुक्तियों में राष्ट्रीय महामंत्री विधि प्रकोष्ठ संजय कुमार, प्रदेश सचिव विजय सेन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पश्चिम उत्तर प्रदेश मनमोहन शर्मा, जिला अध्यक्ष शशांक सिंह शामिल रहे। साथ ही राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप कुमार चंदेल, राष्ट्रीय प्रवक्ता बीएल शर्मा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बंटी सिंह लोधी, युवा जिला अध्यक्ष रोहित तोमर और मेरठ मंडल महासचिव कुलदीप शर्मा सहित कई अन्य पदाधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

## रोड एक्सीडेंट में बाइक सवार युवक घायल - गम्भीर हालत में हायर सेंटर रेफर सड़क पर अचानक पशु आने से हुआ हादसा



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर । शिकारपुर मेरठ-बदायूं हाईवे पर हाईवे पर एक सड़क हादसा हो गया युवक की बाइक सड़क पर अचानक आए पशु से टकरा गई गिरने से युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया काफी खून बह गया राहगीरों ने सूचना पर तुरन्त 112 पुलिस को बुलाया जो घायल को अस्पताल लेकर गई साथ ही शिकारपुर पुलिस भी मौके पर पहुंची जानकारी के अनुसार निशान्त पुत्र जगदीश निवासी ग्राम मामऊ उम्र 25 वर्ष दोपहर को निशान्त अपने दोस्त के साथ अपने गांव से शिकारपुर अपनी बाइक पर शिकारपुर जा रहा था तभी अचानक सड़क पर पशु आ गया जिससे उसकी बाइक टकरा गई और वह नीचे गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया सूचना मिलने के बाद 112 नम्बर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे शिकारपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर हालत में हायर सेन्टर रेफर कर दिया खबर लिखे जाने तक हायर सेन्टर रेफर ।

# सभासद संजीव गोयल के आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात का 118वां संस्करण

उजाला हितैषी एक्सप्रेस
सैय्यद मजहर



बुलंदशहर। गुलावठी नगर मंडल स्थित सभासद संजीव गोयल (डिग्गू) के आवास पर बूथ नंबर 60 पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात का 118 वां संस्करण भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सुना। इस अवसर पर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक लक्ष्मीराज सिंह रहे। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील कुमार गोयल, मंडल अध्यक्ष राजीव सैनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह तेवतिया, मंडल महामंत्री अनुराग तोमर, संजय बी. लाल, मीडिया प्रभारी गगन प्रजापति, अमरीश गोयल, पारित चौधरी, सौरव गर्ग (जुगनू), मीनू गोयल, उमा चौधरी, दीपशिखा गोयल, रजनीश सैनी, दीपक गोयल, प्रदीप शर्मा, हिमांशु गोयल, लकी प्रजापति, हनी, शाहिद मलिक, सुधीर तोमर, मेहुल गोयल, सौरभ गोयल और सैयद आजम सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री के संदेश ने सभी को प्रेरित किया और उपस्थित कार्यकर्ताओं ने इसे देशहित और समाज सेवा की दिशा में एक प्रेरणा के रूप में लिया।

# ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतियोगिताओं से खिलाड़ियों की प्रतिभा में आता है निखार- लक्ष्मीराज सिंह



उजाला हितैषी एक्सप्रेस
सैय्यद मजहर

बुलंदशहर। गुलावठी निकटम ग्राम उस्तरा में सहकार से समृद्धि की ओर से ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान बॉलीवॉल, दौड़ एवं खो खो खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक लक्ष्मीराज सिंह रहे। विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने फीता काटकर खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता छात्र छात्राओं को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। आयोजकों के द्वारा मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से खिलाड़ियों की प्रतिभा में निखार आता है, वहीं खेलों से उनका शारीरिक और मानसिक विकास भी होता है।

भाजपा के मण्डल अध्यक्ष राजीव सैनी ने कहा कि प्रतियोगिता में अलग-अलग क्षेत्रों के खिलाड़ियों को एक दूसरे से मिलने का अवसर मिलता है। इससे उनमें आपसी मेल-जोल की भावना का भी विकास होता है। निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष धर्मेन्द्र तेवतिया ने कहा कि खेल हमें युवा शक्ति, युवा एकता का महत्व तथा मित्रता एवं अनुशासन सिखाते हैं। इस मौके पर अनुराग तोमर, हिमांशु गोयल नगर मंत्री, दीपक गोयल, कपिल शर्मा ग्राम प्रधान, गजेंद्र सिंह, अमित कुमार, प्रवीण कुमार शर्मा, प्रधानाचार्य फिरोज खान, आदिल, गगन प्रजापति आदि लोग उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी प्रांगण में पेंशनर्स व कर्मचारियों हेतु ई-केवाईसी कैम्प आयोजित कर समस्याओं का किया गया निस्तारण

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। जिलाधिकारी बुलंदशहर के निर्देशानुसार जनपद कोषागार बुलंदशहर से पेंशन प्राप्त करने वाले समस्त पेंशनर्स, पारिवारिक पेंशनर्स एवं राज्य कर्मचारियों के लिए पंडित दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत ई-केवाईसी एवं आवेदन प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूर्ण कराने हेतु एक दिवसीय शिविर का आयोजन 19 जनवरी 2025 को जिलाधिकारी प्रांगण में किया गया। इस शिविर का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा किया गया, जिसमें वरिष्ठ कोषाधिकारी डॉ. अनिल कुमार यादव की उपस्थिति रही। शिविर में राज्य पेंशनर्स, पारिवारिक पेंशनर्स और कर्मचारियों की ई-केवाईसी से संबंधित समस्याओं का तत्काल समाधान किया गया। साथ ही, नए कार्ड बनाने के लिए प्राप्त आवेदनों का ऑनलाइन निस्तारण भी किया गया। जो समस्याएं नोडल एजेंसी, लखनऊ के स्तर से निस्तारित की जानी हैं, उन्हें मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा संबंधित एजेंसी को प्रेषित किया जाएगा। यह शिविर पेंशनर्स और कर्मचारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया, जिससे उन्हें चिकित्सा योजना का लाभ शीघ्र और सरल तरीके से मिल सके। यह पहल प्रशासन की जनहितकारी नीतियों का प्रभावी उदाहरण है।

## क्षत्रिय महासभा ने महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर किया नमन

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। रविवार को बुलंदशहर के अनूपशहर बस स्टैंड स्थित महाराणा प्रताप चौक पार्क में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों ने वीर शिरोमणि हिंदू हृदय सम्राट महाराणा प्रताप की 428वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की। मेरठ मंडल अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह राघव के संयोजन में महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। सभा में महाराणा प्रताप अमर रहें, भारत माता की जय, और क्षत्रिय एकता जिंदाबाद के नारों के साथ वीर शिरोमणि को नमन किया गया। एलडीएवी इंटर कॉलेज के मुख्य प्रवक्ता अखंड प्रताप सिंह, शिक्षक नेता राजकुमार राघव, और मंडल अध्यक्ष दिनेश कुशवाहा सहित अन्य वक्ताओं ने महाराणा प्रताप को त्याग, तपस्या, शौर्य, और बलिदान की प्रतिमूर्ति बताते हुए उनके योगदान को सराहा। वक्ताओं ने युवाओं से गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेकर राष्ट्रसेवा में जुड़ने का आह्वान किया। श्रद्धांजलि देने वालों में अरवेश सिंह राघव, भूरा नंबरदार, सत्येंद्र सिंह चौहान, महेश राघव, बार एसोसिएशन सचिव दीपेंद्र सिंह राघव, हनी तोमर, नरेश चौहान, भूपेंद्र सिंह राघव, बृजेश सिंह राघव, जितेंद्र सिंह पवार, सुभाष पुंडीर, दुष्यंत राघव, नरसिंह कुशवाह, दीपक सिंह कुशवाह और बादल राघव सहित महासभा के कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल रहे।

# महिला कांग्रेस द्वारा महाराणा प्रताप की 428वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की 428 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष प्रज्ञा गौड़ के कैंप कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाराणा प्रताप जी के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। सभा में महाराणा प्रताप अमर रहें, भारत माता की जय, और वंदे मातरम के नारे लगाए गए। सभा को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य राजेश शर्मा, हेमंत शर्मा, और नटवरलाल शर्मा ने महाराणा प्रताप की वीरता, शौर्य, और पराक्रम का वर्णन किया। उन्होंने उन्हें सनातन धर्म का रक्षक और सच्चा देशभक्त बताया। प्रज्ञा गौड़ ने कहा कि महाराणा प्रताप अतुलनीय वीरता और बलिदान के प्रतीक हैं। उन्होंने भारत भूमि को वीरों की जननी बताते हुए युवाओं से प्रेरणा लेकर देश के प्रति समर्पण की भावना विकसित करने की अपील की। उन्होंने कहा, हमारे देश की भूमि में आचार्य चाणक्य, डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम, डॉक्टर मनमोहन सिंह और महाराणा प्रताप जैसे महानायक जन्म लेते हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य हेमंत शर्मा, राजेश शर्मा, मोहम्मद उमर, अहमद हुसैन, राजेंद्र शर्मा, मोहन सरीन, नटवरलाल, सलाम खान, प्रवीण गौड़, यीशु शर्मा, मोहम्मद रफीक सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## किसी भी ग्रंथ का प्रकाश में आना बहुत महत्वपूर्ण बात होती है इसके पीछे संपादक की घोर तपस्या, लगन एवं मेहनत होती है- प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी

उजाला हितैषी एक्सप्रेस
सैय्यद मजहर



बुलंदशहर। गुलावठी डी.एन. पी.जी. कॉलेज में महाविद्यालय के हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ हरीश कसाना द्वारा संपादित ग्रन्थ हिंदी साहित्य में राम का विमोचन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी ने की । अपने उद्बोधन में प्राचार्य प्रो योगेश त्यागी ने डॉ हरीश कसाना को बधाई दी तथा कहा कि किसी भी ग्रन्थ का प्रकाश में आना बहुत महत्वपूर्ण बात होती है । इसके पीछे लेखक एवं संपादक की गूढ़ तपस्या, मेहनत एवं लग्न होती है । ग्रन्थ पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि राम शब्द सनातन है । हिंदी साहित्य ही नहीं वरन अन्य भाषा साहित्य में भी भगवान राम के चरित्र को लेकर विपुल साहित्य लिखा गया है । डॉ हरीश कसाना का यह ग्रंथ विद्यार्थियों, शोधार्थियों तथा हिंदी साहित्य के अन्वेषकों के लिए सहायक सिद्ध होगा । ग्रन्थ के संपादक डॉ हरीश कसाना ने बताया कि इस ग्रन्थ की पूर्णता में उनके सहयोगी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बिलासपुर, गौतमबुद्ध नगर के हिंदी विभाग प्रभारी डॉ समित कुमार नागर रहे हैं तथा इस ग्रन्थ की भूमिका महाविद्यालय के हिंदी विभाग प्रभारी डॉ संदीप कुमार सिंह ने लिखी है । इस ग्रन्थ में हिंदी साहित्य के मर्मज्ञ 14 विद्वानों के हिंदी साहित्य के सर्वोत्तम अनुकरणीय पात्र राम विषयी शोधालेख संकलित हैं।

हिंदी साहित्य में राम के विविध रूपों को एक अन्वेषक की दृष्टि से उल्लेखित किया गया है । यह ग्रंथ हिंदी साहित्य के विद्यार्थियों, शोधार्थियों तथा शिक्षकों की भावी पीढ़ी का निश्चित रूप से मार्गदर्शन करेगा । इस ग्रन्थ के द्वारा शोध के यथानुरूप विविध प्रश्नों का समाधान भी प्राप्त होगा साथ ही शोध की विविध शाखाएं भी विकसित होंगी । यह ग्रंथ निश्चित रूप से हिंदी साहित्य में सर्व अनुशासित, सर्व पूज्य, सर्व अनुकरणीय, सर्व आदर्श राम को समर्पित है । हिंदी विभाग प्रभारी डॉ संदीप कुमार सिंह ने ग्रन्थ के प्रकाशन पर हर्ष व्यक्त करते साथी प्रोफेसर डॉ हरीश कसाना को बधाई दी तथा बताया कि यह ग्रंथ हिंदी साहित्य में शोध के विद्यार्थियों के लिए बहुत ही लाभकारी एवं सहायक सिद्ध होगा । यह ग्रन्थ अपने विषयचयन को लेकर सदैव अनुकरणीय रहेगा । कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रोफेसर सर्व श्री अतुल तोमर, डॉ पुष्पेंद्र मिश्र, डॉ अवधेश कुमार सिंह, प्रो. हरिदत्त शर्मा, डॉ. विनय कुमार सिंह, प्रो. नरेश कुमार, प्रो. कृष्ण कुमार, प्रो. शशि कपूर, प्रो. श्याम प्रकाश, डॉ. अमित कुमार आदि उपस्थित रहे ।

## नाला स्ट्रीट बाजार पर अब नगर पालिका बनवाएगी सीसी रोड सफाई के लिए बनेंगे चेंबर 15 वे वित्त आयोग से होगा यह विकास

उजाला हितैषी एक्सप्रेस
सैय्यद मजहर



बुलंदशहर । गुलावठी नगर पालिका अध्यक्ष शैलेश तेवतिया के प्रयास से अब नगर पालिका परिषद नाला स्ट्रीट बाजार पर पाइपलाइन डलवा कर सीसी रोड का निर्माण कराएगा और सफाई व्यवस्था के लिए चेंबर बनवाए जाएंगे! 15वें वित आयोग से होगा यह विकास कार्य डीएम के पास भेजा जा चुका प्रस्ताव ! इस कार्य कार्य का निर्माण मुफीद ए स्कूल मार्केट से मुख बाजार चौक तक होगा ! राहगीरों को बदहाल सड़क से मिलेगी निजात! अधिशासी अधिकारी निहारिका चौहान द्वारा नाला स्ट्रीट का निरीक्षण कर रिपोर्ट आगे भेजी गई है! नगर पालिका परिषद कि इस कार्य से बिल्डिंग मालिक, राहगीर एवं बाजार के लोगों में खुशी का माहौल है इसके अतिरिक्त लोगों ने नगर पालिका परिषद से मांग की है इस रोड पर फुटपाथ जैसी व्यवस्था भी होनी चाहिए अब देखते हैं की नाला स्ट्रीट के दिन कब बदलते हैं ?

# उद्योग व्यापार मंडल ने सदर विधायक को सौंपा ज्ञापन

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर । उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सदर विधायक प्रदीप चौधरी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में उद्यमियों और व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की गई। उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि उद्यमी और व्यापारी राज्य की आर्थिक रीढ़ हैं। वे रोजगार सृजन और राजस्व में अहम भूमिका निभाते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल में व्यापारी पहले से अधिक सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। हालांकि, विभिन्न कारणों से जब भीड़ सड़कों पर उतरती है, तो व्यापारियों की संपत्ति और जान पर गंभीर खतरा उत्पन्न होता है। पुलिस बल अक्सर पर्याप्त नहीं होता, जिससे व्यापारियों को लूटपाट और हिंसा का सामना करना पड़ता है। पीताम्बर शर्मा ने कहा कि संगठन द्वारा किए गए सर्वेक्षण में व्यापारियों ने अपनी सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता जताई है। वे अपने व्यवसाय और घरों में सुरक्षित महसूस नहीं करते। अमित सिंघल ने मांग की कि व्यापारियों और उद्यमियों को आत्मरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस प्रदान किए जाएं। इससे न केवल वे सुरक्षित महसूस करेंगे, बल्कि राज्य में निवेश का माहौल भी बेहतर होगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि संगठन के माध्यम से प्रस्तुत सभी आवेदक योग्य और जिम्मेदार होंगे। अजय अग्रवाल ने शस्त्र लाइसेंस के लिए एक स्पष्ट नीति बनाने की अपील की। उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर निम्नलिखित वर्गों के लिए लाइसेंस जारी करने की सिफारिश की- 1. अति संवेदनशील क्षेत्रों में रहने वाले व्यापारी। 2. उच्च करदाताओं। 3. सामाजिक कार्यों में सक्रिय योगदान देने वाले। इस नीति से व्यापारियों को सुरक्षा मिलेगी और राज्य के आर्थिक विकास को गति मिलेगी। इस दौरान कौशल अग्रवाल, सजल अग्रवाल, आलोक परमार, अशोक गिरी, पवन तेवतिया, अजय वीर, राजेश गुप्ता और अमित कुमार सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## छतारी सड़क हादसे में घायल हुए सिपाही की हायर सेंटर ले जाते समय मौत

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर। एक सप्ताह पहले क्षेत्र में गश्त के दौरान कार की टक्कर से घायल हुए सिपाही की अस्पताल से हॉयर सेंटर ले जाते समय मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव में पहुंचा जहां आला अधिकारियों व नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। थाना प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि 13 जनवरी की रात सिपाही जितेंद्र सिंह व सिपाही गौरव कुमार फैंटम बाइक से क्षेत्र में गश्त के रहे थे। उसी समय खुर्जा छतारी मार्ग पर नगलिया मोड के समीप अनियंत्रित कार चालक ने टक्कर मार दी थी। हादसे में दोनों सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिनका उपचार अलीगढ़ के निजी अस्पताल में चल रहा था। शनिवार को परिजन सिपाही जितेंद्र कुमार को रेफर कराकर हायर सेंटर लेकर जा रहे थे तभी रास्ते में जितेंद्र की हालत खराब हो गई। हालत खराब होने पर परिजन उसे भरतपुर के अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जितेंद्र मूल रूप से गांव समरा थाना फतेहपुर सीकरी आगरा के रहने वाले थे। जितेंद्र कुमार वर्ष 2021 में पुलिस में भर्ती हुए थे। वह करीब तीन वर्ष से छतारी थाने में तैनात थे। जितेंद्र कुमार चार बहनों का अकेला भाई था। उसकी एक बेटी मिताली 1 वर्ष है। पत्नी ऊषा फौजदार, बुजुर्ग मां गोलमती देवी पिता रघुबीर सिंह का रो- रोकर बुरा हाल हो गया। इकलौते बेटे की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट गया। अंतिम संस्कार के दौरान किरावली के एसडीएम0,एसीपी0, तहसीलदार, थाना छतारी प्रभारी संदीप कुमार व विधायक फतेहपुर सीकरी चौधरी बाबूलाल आदि मौजूद रहे।

# पुलिस की कार्यवाही के डर से पुराने मामले में तीन दबंग जमानत तुड़वाकर जेल हुए रवाना



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। सिकंदराबाद नगर के मोहल्ला गद्दीवाड़ा में पथराव, फायरिंग प्रकरण में पुलिस कार्रवाई के डर से आरोपियों में खौफ दिखाई दे रहा है। प्रकरण में नामजद आरोपी एक पक्ष के लोग पुराने किसी मामले में जमानत तुड़वाकर जेल पहुंच गए हैं। विगत दिनों नगर के मोहल्ला गद्दीवाडा में पुरानी रंजिश को लेकर पूर्व चेयरमैन भोलू उर्फ इरशाद और जन्नैल गाजी पक्ष के लोगों में पथराव व फायरिंग हो गई थी। मामले में पुलिस ने भोलू उर्फ इरशाद, सुहाना, दूसरे पक्ष के जन्नैल गाजी, तबस्सुम समेत अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। जिसमें पुलिस ने आरोपी भोलू उर्फ इरशाद, सुहाना, जन्नैल गाजी, तबस्सुम को गिरफ्तार कर बृहस्पतिवार को जेल भेज दिया था। वहीं फरार आरोपी अयान को बृहस्पतिवार की रात में पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया था। वह पैर में गोली लगने से घायल हो गया था। प्रकरण में पुलिस की सख्ती के चलते आरोपियों में पुलिस का खौफ व्याप्त है। पुलिस ने बताया कि आरोपी जन्नैल गाजी पक्ष के बब्बू, राजू, शान किसी अन्य मामले में अपनी जमानत तुड़वाकर जेल चले गए हैं। जबकि उक्त तीनों लोगों को पथराव, फायरिंग प्रकरण में अभी तक आरोपी नहीं बनाया गया था। वहीं सीओ0 पूर्णिमा सिंह ने बताया कि जो आरोपी जमानत तुड़वाकर जेल गए हैं। वह बीते दिनों हुए विवाद में शामिल रहे हैं या नहीं इसकी जांच की जा रही है। यदि वह भी शामिल थे तो उनका नाम भी तरमीम कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# स्वामित्व योजना के अंतर्गत घरौनी वितरण कार्यक्रम का जनपद में सजीव प्रसारण




**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा स्वामित्व योजना के अंतर्गत तैयार किए गए ग्रामीण आवसीय अभिलेख घरौनी वितरण कार्यक्रम लोक भवन सभागार लखनऊ में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण मुख्य अतिथि राज्य मंत्री जसवंत सैनी, जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह तथा जन प्रतिनिधिगण की उपस्थिति में सरस्वती विद्यालय हापुड़ के सभागार में दिखाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मा0 राज्यमंत्री श्री जसवंत सैनी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह ख़ुशी का अवसर है। आप सभी लोगों को आपके मकान के मालिक होने का अधिकार सरकारी तौर पर मिल गया है। आपके मकान पर अब कोई कब्जा नहीं कर सकेगा। प्रधानमंत्री और मा0 मुख्यमंत्री जी ने एक बहुत बड़ी महत्वपूर्ण योजना लागू की है, जिससे कि आप सभी लोगों को आपके अपने घर का मालिकाना हक मिल गया है। उन्होंने कहा कि घरों का मालिकाना हक मिल जाने से अब आपसी विवाद नहीं होंगे जिलाधिकारी ने कहा कि घरौनी मिलने से संपत्ति पर उनके अधिकार को वैधता मिल जाएगी और आबादी क्षेत्र में राजस्व विवादों में पर्याप्त कमी आएगी। लोगों को कोर्ट का चक्कर लगाने से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि घरौनी मिलने के बाद लोगों को बैंकों से लोन प्राप्त करने में आसानी होगी, जिससे वे अपना स्वरोजगार, व्यवसाय एवं आवश्यक कार्य कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि अक्सर लोगों को जानकारी के अभाव में एक ही जमीन का भू माफियाँ कई लोगों को रजिस्ट्री कर देते थे। अब स्वामित्व योजना के अंतर्गत तैयार किए गए भूलेख का डिजिटाइजेशन हो जाने से इस प्रकार की धोखाधड़ी बंद हो जाएगी और इससे कई प्रकार के विवादों में कमी भी आएगी। कार्यक्रम में अध्यक्ष जिला पंचायत रेखा नागर,विधायक हापुड़ विजयपाल आढती, गढ़मुक्तेश्वर हरेंद्र सिंह तेवतिया, धौलाना धर्मेश तोमर, जिलाध्यक्ष भाजपा नरेश तोमर, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम, अपर जिलाधिकारी न्यायिक ज्योत्सना बंधु, उप जिलाधिकारी हापुड़ अंकित वर्मा सहित अन्य अधिकारी तथा लाभार्थीगण उपस्थित रहे।

# कृष्ण की बाल लीला की कथा सुन भक्त हुए भाव विभोर



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर । खानपुर क्षेत्र के गिनौरा नंगली गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन कथावाचक सीमा साध्वी दुबे ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किए। उन्होंने बालकृष्ण के नटखट और ममतामयी लीलाओं पर प्रकाश डाला। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने कथावाचक को पटका पहनकर सम्मानित करते हुए आशीर्वाद लिया। भगवान श्री कृष्ण की कथा सुनाते हुए कथावाचक ने कहा कि नन्हे कृष्ण ने गोकुलवासियों के दिलों में अपनी विशेष जगह बनाई। कथावाचक ने माखन चोरी की लीला का सुंदर चित्रण करते हुए कहा कि माखनचोरी केवल एक बाल लीला नहीं बल्कि इसके पीछे भगवान का गहरा प्रेम और स्नेह भाव छिपा हुआ है। शास्त्री ने कहा कि श्रीकृष्ण का माखन चोरी करना इस बात का प्रतीक था कि वे अपने भक्तों का प्रेम पाना चाहते हैं। उन्होंने समझाया कि माखन, जो मेहनत और प्रेम का प्रतीक है भगवान को भोग के रूप में अत्यंत प्रिय था। बालकृष्ण अपने सखाओं के साथ गोपियों के घर में माखन चुराने जाते थे। जिससे गोपियों का उनके प्रति प्रेम और भी बढ़ जाता था। इसके बाद उन्होंने बालकृष्ण लीला पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कृष्ण का बाल रूप प्रेम, आनंद और स्नेह का प्रतीक है। नन्हे कृष्ण की शरारतें गोकुलवासियों के दिलों में अमिट छाप छोड़ देती थी। उन्होंने कथा में बताया कि कैसे बालकृष्ण ने अपने बालसखाओं के साथ खेल-खेल में लीला करते हुए साधारण ग्वाल-बाल की तरह जीवन जीया। भरत कृष्ण शास्त्री ने श्रीकृष्ण की ममतामयी लीलाओं के माध्यम से भक्तों को यह संदेश दिए कि भगवान प्रेम और भक्ति से ही प्रसन्न होते हैं। कृष्ण की बाल लीलाएं यह बताती हैं कि ईश्वर अपने भक्तों के साथ सदा निकट रहते हैं और प्रेम से उनके जीवन में सम्मिलित रहते हैं। श्रोताओं ने बालकृष्ण लीला का आनंद लिया और भक्ति में लीन होकर जयकारे लगाए। इस दौरान ठा0 शिवकुमार गौड़, रवि बजरंगी, योगेश कुमार, कालीचरण आदि श्रद्धालु मौजूद रहे। फोटो कैप्शन- कथावाचक सीमा साध्वी दुबे को पटका पहनकर सम्मानित करते हुए श्रद्धालु

# आमने सामने बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत, एक घायल



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर । जहाँगीराबाद नगर के अहार बाईपास के निकट हुई दो बाइकों की भिड़ंत में दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए जिसमे उपचार के लिए हायर सेंटर ले जाते समय एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। जानकारी के मुताबिक जसैर निवासी लगभग 30 वर्षीय अमित पुत्र महेश बाइक पर सवार होकर किसी काम से जा रहा था। तभी सामने की ओर से तेज रफ्तार से बाइक लेकर आ रहे सुभाष पुत्र चंपत निवासी जसैर से उसकी टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में अमित सिर के बल सड़क पर जा गिरा। अमित और सुभाष दोनों इस दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया जहां उन्हें प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अमित की हालत बिगड़ती देख जिला अस्पताल से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जहां ले जाते समय उसकी मौत हो गई। वहीं सुभाष की हालत अभी गम्भीर बनी हुई है। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। वहीं अमित की मौत की खबर मिलने के बाद उसके परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। अमित की एक दो वर्ष की बेटी भी है और उसकी पत्नी भी घटना की खबर पाकर बेसुध हो गई। वर्जन मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना के सम्बंध में अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। महेंद्र त्रिपाठी, कोतवाली प्रभारी जहाँगीराबाद।

# स्याना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर महिला नसबंदी कैंप का आयोजन




**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर । फैमिली प्लानिंग के तहत रविवार को स्याना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर 23 महिलाओं की नसबंदी की गई। रजिस्ट्रेशन करा कर फैमिली प्लानिंग के तहत कैंप का आयोजन किया गया था। जिसमें 27 महिलाओं का रजिस्ट्रेशन हुआ। कार्यवाहक सीएमओ डॉक्टर मंजू अग्रवाल ने बताया कि शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को धरातल पर कार्य किया जा रहा है। रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर नसबंदी कैंप का आयोजन किया गया। इसमें 23 महिलाओं का सफल ऑपरेशन किया गया है। उन्होंने महिलाओं को जागरुक करते हुए जरूरी टिप्स दिए। कैंप स्वयं आप्रेशन करने के लिए पहुंची थी कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा अधिकारी मंजू अग्रवाल। शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना ही प्राथमिकता- डॉ मंजू अग्रवाल कार्यवाहक सीएमओ डॉ मंजू अग्रवाल ने कहा कि शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना ही प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि कैंप में आई महिलाओं को जागरुक भी किया गया है। उन्होंने बताया कि आगे भी कैंप जारी रहेंगे। फैमिली प्लानिंग के तहत समय-समय पर कैंपों का आयोजन कर ऑपरेशन किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 23 महिलाओं का सफल ऑपरेशन किया गया है। सभी महिलाएं पूर्णतया स्वस्थ हैं। उन्होंने बताया कि महिलाओं के साथ पहुंचे उनके परिजनों को भी जागरूक किया गया। चलाई जा रही योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। इस दौरान ऑपरेशन करने आई महिला ने अपने आवेदन पत्र भरते हुए ऑपरेशन कराया जिसमें सोमवती,निशा ,कपिल, रमन्ना,रजनी , सोनिका ,ज्योति,नगीना,रानी सहित सहित डेढ़ दर्जन से अधिक महिलाओं का नसबंदी कैंप में ऑपरेशन हुआ। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अमित सिंह,डॉक्टर हिमांशु,एआरो राममूर्ति ,ओटी टेक्नीशियन, त्री मोहन सोलंकी, स्टाफ नर्स देवेंद्री, पूजा राजपूत ,अंजलि आदि मौजूद रहे। फोटो कैप्शन- कार्यवाहक सीएमओ डॉक्टर मंजू अग्रवाल फोटो कैप्शन- चिकित्सा अधीक्षक अमित कुमार सिंह

# निदेशक पंचायती राज उ०प्र० की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में पंचायती राज विभाग के विकास कार्यो की हुई समीक्षा बैठक




**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। अटल कुमार राय निदेशक पंचायती राज उ0प्र0 के द्वारा विकास भवन के सभागार में पंचायती राज विभाग के संचालित योजनाओं जैसे 15वें वित्त/राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों से प्राप्त धनराशि के आय व्यय की समीक्षा की गयी जनपद के जिन ग्राम पंचायत क्षेत्रों में अन्त्येष्टि स्थल निर्माण कार्य चल रहा है, उसमें तेज गति से कार्य पूर्ण किये जाने के निर्देश सम्बन्धितों को दिये गये इसके साथ ही आर0आर0सी0 में कूड़ा कलेक्शन के सम्बन्ध में भी समीक्षा की गयी व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, पंचायत भवन निर्माण,रेट्रो फिटिंग का कार्य समय से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये 15वे वित्त एवं राज्य वित्त की धनराशि के व्यय पर निदेशक महोदय द्वारा सराहना की गयी इसके अतिरिक्त निदेशक पंचायती राज द्वारा विकास खण्ड धौलाना की ग्राम पंचायत धौलाना में निर्मित आर0आर0सी0 एवं ग्राम पंचायत जादौपुर में जिला पंचायत के द्वारा कराये गये निर्माण कार्यो का भी निरीक्षण किया गया जिसके सम्बन्ध में मौके पर मौजूद अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये गये। मुख्य विकास अधिकारी हापुड़ भी निदेशक के भ्रमण में साथ रहे। बैठक में मनीष कुमार उपनिदेशक-पं0 मेरठ मंडल, मेरठ शिव बिहारी शुक्ला जिला पंचायत राज अधिकारी हापुड़, आरती मिश्रा अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत हापुड़, अपार गहलौत समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण, मुनीर्बुहमान जिला परियोजना प्रबन्धक,हापुड़, बिशन बाबू सक्सैना सहायक विकास अधिकारी-पं0 हापुड़,संजय कुमार सहायक विकास अधिकारी-पं0 धौलाना, शिवम् पान्डे्य सहायक विकास अधिकारी-पं0 सिम्भावली, अमित कुमार सहायक विकास अधिकारी-पं0 गढमुक्तेश्वर, सोमलता व्यास इंजीनियर जिला पंचायत हापुड़, रविन्द यादव अवर अभियन्ता जिला पंचायत हापुड़, मौजूद रहे।

# 23 जनवरी को निकाली जाएगी जय हिंद तिरंगा यात्रा - ज्ञानेंद्र त्यागी



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। राष्ट्रीय सैनिक संस्था जिला ईकाई हापुड़ के तत्वाधान में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की महिला ब्रिगेड की अध्यक्ष सुमन त्यागी की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता कर प्रदेश प्रवक्ता व हापुड़ के जिला अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र त्यागी ने बताया कि 23 जनवरी पहले तो इस बार जय हिंद तिरंगा यात्रा का आयोजन नहीं करने का मन था क्योंकि महिला बिग्रेड की पश्चिमी उत्तर प्रदेश की अध्यक्ष सुमन त्यागी कैंसर की लम्बी बीमारी से जूझ रहीं हैं और गत वर्ष महिला ब्रिगेड की जिला सचिव प्राची खुल्लर के पति का अकस्मात ह्रदयगति रूकने से निधन होना और जिला प्रवक्ता हाक्मीन अली मंसूरी को फालिस की बीमारी से ग्रसित होना व कई पदाधिकारियों के साथ इसी तरह की घटनाओं से मन दुखी था लेकिन सुमन त्यागी ने मुझे फोन करके कहा कि इस बार जय हिंद तिरंगा यात्रा का आयोजन जरूर होना चाहिए जिसकी जानकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी (वीर चक्र) को दी तभी तेजेन्द्र पाल त्यागी (वीर चक्र) ने तुरंत मुझ से फोन कर कहा कि हापुड़ यूनिट इस बार 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर जय हिंद तिरंगा यात्रा का आयोजन जरूर होना चाहिए इसी कड़ी में आज सुमन त्यागी के निवास पर हवन भी किया गया

जिसमें सभी के स्वस्थ्य होने की कामना की प्रेस वार्ता में सुमन त्यागी ने कहा कि जय हिंद तिरंगा यात्रा में हज़ारों की संख्या में लोगों शामिल होने की सम्भावना है ज्ञानेंद्र त्यागी ने बताया कि जय हिंद तिरंगा यात्रा का शुभारंभ प्रात दस बजे जिला कार्यालय 940 भगवती गंज मंडी से प्रारम्भ होकर अमर शहीद मेजर आशाराम त्यागी चौक (पक्का बाग चौराहा) होते हुए अतरपुरा चौराहे से तहसील चौराहा से फ्रीगंज रोड होते हुए नगर पालिका परिषद स्थित शहीद स्तंभ पर पुष्प अर्पित कर जय हिन्द तिरंगा यात्रा का समापन होगा जिला उपाध्यक्ष मुकेश त्यागी ने बताया कि जय हिन्द तिरंगा यात्रा में कई किसान संगठन व सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे जिनमें भारतीय किसान यूनियन,भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक,राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन, भारतीय किसान यूनियन भानु, इंडियन नर्सरी मेन एसोसिएशन,भारतीय किसान यूनियन किसानशक्ति,भारतीय किसान यूनियन संघर्ष अराजनैतिक, जनसंख्या समाधान फाउंडेशन,भारतीय किसान यूनियन माहात्मा टिकैत,भारतीय किसान यूनियन संघर्ष,इस अवसर पर राष्ट्रीय सैनिक संस्था की महिला ब्रिगेड की जिला अध्यक्ष मोनिका त्यागी,जिला सचिव प्राची खुल्लर,जिला कोषाध्यक्ष पूनम उपाध्याय,नगर अध्यक्ष संगीता चौधरी,जिला कार्यालय अधीक्षक दिपिका त्यागी,जिला संरक्षक डाक्टर अजय त्यागी, जिला सूचना प्रसारण मंत्री श्याम वर्मा, युवा कमांड के जिला सचिव गौरव त्यागी,प्रशासनिक सदस्यों में कुसुम त्यागी ,अनिता त्यागी,महेंद्र शेठ,भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के सुधीर मूंछ अभिराज त्यागी,गोविंद खुल्लर,टिमटिम त्यागी,संजय त्यागी सतीश मैडिकल स्टोर वाले व अनेक प्रशासनिक सदस्य मौजूद रहे

# नासिर की हत्या कर शव को हाईवे किनारे फेंककर जला देने वाले 2 हत्यारे गिरफ्तार




**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ । स्वाट टीम व थाना सिम्भावली पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही कर गंगा एक्सप्रेस-वे के किनारे मिले अधजले अज्ञात शव की घटना का सफल अनावरण करते हुए 2 हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया है।

जिनके निशानदेही से आला कत्ल अवैध तमंचा सहित 2 अवैध तमंचे मय जिन्दा व खोखा कारतूस व घटना में प्रयुक्त महिन्द्रा एक्सयूवी कार बरामद की है तो वहीं पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञान्जय सिंह ने प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि 11 जनवरी को थाना सिम्भावली क्षेत्रांर्तगत गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माणाधीन पुल के पास एक अज्ञात शव अधजली अवस्था में मिला था, उक्त सूचना पर तत्काल उच्चाधिकारीगण, फॉरेंसिक टीम व स्थानीय पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया था तथा शव की शिनाख्त कर घटना में संलिप्त अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी व अनावरण करते हुए थाना सिंभावली पुलिस व स्वाट टीमें ने आमिर पुत्र खालिद निवासी मौ0 काजी कस्बा व थाना सहसवान जिला बदायूँ हाल पता मकान नं0-166 गली नं0-2 कर्दम पुरी हरिजन बस्ती थाना ज्योति नगर दिल्ली व फुरकान पुत्र तफसीर निवासी मकान नं-बी-8/46 गली नं-05 प्रथम फ्लोर निकट मॉडल स्कूल के पास कबीरनगर थाना वेलकम दिल्ली को एन एच-9 पर निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस पर निर्माणाधीन पुल के नीचे गिरफ्तार किए हैं। गिरफ्तार अभियुक्तगण व मृतक आपस में परिचित थे, अभियुक्त फुरकान को संदेह था कि मृतक ने उसके भाई इरफान को फिरौती के मामले में जेल भिजवाया है तथा अभियुक्त आमिर को भी यह संदेह था कि मृतक ने उसके पीछे पुलिस लगा दी है, जिसके चलते दोनों अभियुक्तों द्वारा मृतक नासिर की हत्या कर शव को हाईवे किनारे फेंककर जला दिया था। विवेचनात्मक कार्यवाही में मृतक की शिनाख्त नासिर खान उर्फ लालू पुत्र वाहिद खान निवासी गांव हतरा थाना वजीरगंज जनपद बदायूं, हाल म0नं0 ए 51, गली नं0 01, निकट 33 फुटा रोड़ सेकण्ड फ्लोर थाना वेलकम जनपद उत्तरी पूर्वी दिल्ली के रूप में हुई तथा घटना में संलिप्त उपरोक्त 2 अभियुक्तों का नाम प्रकाश में आया था। गिरफ्तार अभियुक्त गण द्वारा पूछताछ पर बताया कि मृतक नासिर खान उर्फ लालू से हमारी जान व पहचान थी, मैं (आमिर) कपड़े का व्यापार करता है मृतक नासिर उर्फ लालू भी कपड़े का व्यापार करता था, तथा अभियुक्त फुरकान ने मेरे मकान में किराए की दुकान कर रखी है, फुरकान का भाई इरफान का नाम फिरौती के प्रकरण में प्रकाश में आया था, जिसको थाना लोधी स्पेशल सैल दिल्ली द्वारा जेल भेज दिया था और मैं भी पुलिस के डर से घर से फरार हो गया था,जिस कारण मेरा पूरा कारोबार ठप हो गया। मृतक नासिर के अपराधी किस्म के लोगों से सम्बन्ध थे। हमें अन्देशा था कि नासिर ने ही मेरे व इरफान के बारे में पुलिस को जानकारी देकर फसाया है। इसलिए हम दोनों ने मिलकर नासिर उर्फ लालू की हत्या की योजना बनायी, योजनानुसार 10 जनवरी को रात्रि 8.00 बजे के आसपास आमिर की गाड़ी सं0 डीएल 8 सीऐवाई 1648 महिन्द्र एक्सयूवी 300 को लेकर हम दोनों नासिर को क्लीयर शरीफ जाने का बहाना बनाकर किसी तरह नासिर को गाड़ी मे बैठा लिया और हमनें पहले से ही आमिर की स्कूटी से पैट्रोल निकालकर अपनी इसी गाड़ी में रख लिया था और अपनी गाड़ी फुरकान चला रहा था और मैं (आमिर) पीछे बैठ गया था और हमने क्लीयर शरीफ की बजाय गाजियाबाद की तरफ को गाड़ी का रुख कर दिया और छिजारसी टोल से पहले आमिर ने पीछे से नासिर उर्फ लालू के सिर में सटाकर गोली मार दी और गाड़ी को लेकर हम दिल्ली से मुरादाबाद को जाने वाले न्यू हाईवे पर बन रहे निर्माणाधीन पुल से कुछ पहले नासिर उर्फ लालू के शव को गाड़ी से उतारकर कच्ची पटरी पर लिटाकर उसके शव की पहचान छिपाने के उद्देश्य से चेहरे पर व पूरे शरीर पर जल्दी जल्दी पैट्रोल छिड़क कर माचिस से आग लगा दी थी।

मृतक नासिर उर्फ लालू, राशिद गैंगस्टर केवल वाला व हाशिम उर्फ बाबा के भी सम्पर्क में था जिसके सम्बन्ध में जांच/छानबीन की जा रही है बताया गया। जहां से दोनों हत्यारोपी को जेल भेज दिया गया।

# हापुड़ पुलिस ने चोरी की घटना का सफल अनावरण किया




**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ । हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम और चोरों/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस ने जंगल ग्राम क्रियावली में हुई चोरी की घटना का अल्प समय में खुलासा करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी की झटका मशीन, चार्जर और बैट्री (शत-प्रतिशत) बरामद की गई। इस सफलता से न केवल चोरी की घटना का समाधान हुआ, बल्कि क्षेत्र में पुलिस की सतर्कता और सक्रियता का भी प्रमाण मिला। पुलिस ने अपराधियों पर सख्ती और जनसुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए जनता से सहयोग की अपील की। अभियान के तहत पुलिस का यह प्रयास जनपद में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने सौंपा ज्ञापन



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। भारतीय किसान यूनियन संघर्ष अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष श्री राजेंद्र प्रधान के नेतृत्व में किसान दिवस के अवसर पर सभाकर कक्ष हापुड़ में किसानों की समस्याओं को लेकर अपर जिलाधिकारी श्री संदीप कुमार को ज्ञापन सौंपा गया। इस ज्ञापन में किसानों की विभिन्न समस्याओं जैसे फसल के उचित मूल्य, सिंचाई की समस्या, बिजली की अनियमित आपूर्ति, ऋण माफी और आवारा पशुओं से फसलों की सुरक्षा की मांगों को शामिल किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव श्री नीरज गुर्जर, पश्चिम युवा प्रदेश सचिव श्री मोनू चौधरी, युवा जिला अध्यक्ष श्री तनुज त्यागी, जिला उपाध्यक्ष श्री मोहन, जिला सचिव नरेश अग्रवाल, जिला मंत्री श्री बिजेंद्र, जिला सचिव श्री पिंटू, जिला महामंत्री श्री योगेंद्र, कार्यकारिणी सदस्य श्री प्रदीप, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान, जिला सचिव विक्रमपाल, उपाध्यक्ष हिमांशु नागर, सह सचिव नीलकमल ठेकेदार, ब्लॉक अध्यक्ष सिंभावली श्री सुमित लोहिया, श्री सुशील और श्री ईश्वर सिंह सहित अनेक किसान उपस्थित रहे। सभी ने किसानों की समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की।

# नवोदय युवा समिति द्वारा निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। पिलखुवा नवोदय युवा समिति द्वारा कृष्णगंज में नारायण हेल्थ केयर सेंटर पर निशुल्क त्वचा रोग परामर्श का आयोजन किया इस अवसर पर त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कैलाश कुमार झा ने त्वचा रोग से बचाव के कारण बताए ओर उपचार के लिए उचित सलाह दी शिविर में सफेद दाग, मुहासे ,फंगल इनफेक्शन ,दाद खुजली आदि रोगों से पीड़ित मरीजों की जांच की गई इस मौके पर समिति के महेंद्र सिंह सैनी, बबीता, डोली कार्दमवाल ने डॉक्टर का अभिनंदन किया कार्यक्रम के विशेष सहयोगी नारायण हेल्थ केयर सेंटर के अर्पित गर्ग को समिति में आभार व्यक्त किया इस मौके पर तरुण बंसल, गगन मित्तल,मनोज आदि का विशेष सहयोग रहा।

# गैंगस्टर में वांछित अपराधी गिरफ्तार, अवैध असलहा व कारतूस बरामद



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत दिनांक 18/19.01.2025 की रात्रि में थाना सिकंद्राबाद पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया। अभियुक्त के पास से अवैध असलहा (तमंचा 315 बोर) और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त करन पुत्र संजीव, निवासी ग्राम छपकौली, थाना बाबूगढ़, जनपद हापुड़, हाल निवासी ग्राम मोरना, थाना सेक्टर 24, गौतमबुद्धनगर, शातिर लुटेरा और गैंगस्टर है। यह थाना सिकंद्राबाद पर पंजीकृत मुअसं-1084/24, धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में वांछित था। गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर थाना सिकंद्राबाद में मुअसं-57/25, धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में श्री रविरतन, प्रभारी निरीक्षक, थाना सिकंद्राबाद, उ0नि0 कपिल कुमार, उ0नि0 यूटी धर्वेन्द्र कुमार, है0का0 प्रमोद कुमार, का0 विनोद कुमार आदि रहे।

# गलगोटिया विश्वविद्यालय के तीन विद्यार्थियों को महामहिम राष्ट्रपति जी द्वारा अर्जुन अवॉर्ड से किया गया सम्मानित

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

नोएडा । गलगोटिया विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को महामहिम राष्ट्रपति द्वारा अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किये जाने पर पूरे विश्वविद्यालय के लिये गर्व की बात: सुनील गलगोटिया चॉसलर गलगोटिया विश्वविद्यालय। अभी हाल ही में पेरिस में सम्पन्न हुए 2024-पैरालंपिक खेलों में पदक जीतकर देश का और अपने विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने वाले गलगोटियास विश्वविद्यालय के बी0 ए0 के छात्र राकेश कुमार ने तीरंदाज़ी में कांस्य पदक जीतकर, सौ और दो-सौ मीटर की दौड़ में एम बी ए की छात्रा प्रीति पाल ने दोनों में एक-एक कॉस्य पदक जीतकर, गलगोटिया विश्वविद्यालय की ही एम ए की छात्रा सिमरन शर्मा ने दो-सौ मीटर की दौड़ में कॉस्य पदक जीतकर भारत का और अपने गलगोटिया विश्वविद्यालय का खूब नाम रोशन किया था।

उसी परिप्रेक्ष्य में भारत के इन महान खिलाड़ियों और गलगोटिया विश्वविद्यालय के इन तीनों होनहार प्रतिभावान विद्यार्थियों को 17 जनवरी-2025 को महामहिम राष्ट्रपति जी के द्वारा देश के उच्चकोटि के सम्मान अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किया गया। जब इन खिलाड़ियों को राष्ट्रपति अर्जुन अवार्ड से सम्मानित कर रहीं थीं तब उस समय राष्ट्रपति भवन का पूरा दरबार-हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।







व्हील चेयर और बैसाखियों के सहारे अवार्ड ग्रहण करने वाले खिलाड़ियों के लिये राष्ट्रपति स्वयं आसन छोड़कर सम्मानित करने आईं। ये सभी खिलाड़ी वो भारत देश की वो महान प्रतिभाएँ हैं जो ग्रामीण आँचलों के निकल कर आयी हैं। जिन्होंने अपने कठिन परिश्रम और पूरी निष्ठा के बल पर अपने एक बड़े सपनों को साकार रूप दिया है। इस अवसर पर गलगोटिया विश्वविद्यालय के चॉसलर सुनील गलगोटिया ने तीनों प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सह्रदयी शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि हमारे देश के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने एक बार फिर से अपनी कड़ी मेहनत, समर्पण और अनुशासन का परिचय देते हुए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। उसके लिये सभी बँधाई के पात्र हैं। इन्होंने हमारे देश का और हमारे विश्वविद्यालय का मान तो बढ़ाया ही है, बल्कि लाखों युवाओं के लिए ये सभी खिलाड़ी एक प्रेरणा का स्रोत भी बने हैं। हम इन सभी खिलाड़ियों को उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए हार्दिक बधाई देते हैं और ईश्वर से उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। गलगोटियास विश्वविद्यालय के सीईओ डा0 ध्रुव गलगोटिया ने अपने तीनों विद्यार्थियों के लिये कहा कि उनकी इस सफलता के पीछे उनके परिवार, उनके कोच और गलगोटिया विश्वविद्यालय के सीनियर स्पोर्ट्स ऑफ़िसर प्रशांत भारद्वाज और उनके सहयोगियों का समर्थन और परिश्रम भी बहुत ही महत्वपूर्ण रहा है। आगे उन्होंने कहा कि यह समय केवल जश्न मनाने का ही नहीं है, बल्कि आगे के लिए और अधिक कड़ी मेहनत करने का भी है।

हमें विश्वास है कि ये खिलाड़ी भविष्य में भी इसी प्रकार से अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे और देश को गर्व महसूस कराएंगे।और भविष्य में ये नये से नये कीर्ति मानों की स्थापना करके अपने राष्ट्र और अपने गलगोटियास विश्वविद्यालय का नाम पूरी दुनिया में रोशन करेंगे। मैं इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।

## ट्रेन की चपेट में आने से गई जान

दादरी । दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर छपरौला गांव के पास ट्रेन से कटकर 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शनिवार की रात एक व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। रविवार सुबह के समय रेलवे ट्रैक पर कीमैन कृपाराम जोशी लाइन की जांच करता हुआ जा रहा था। जब उसने मृतक को देखा तो घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस शव की शिनाख्त का प्रयास कर रही है।

## किशोरी से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

नोएडा । इलाहाबास गांव से छह जनवरी को संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी लापता हो गई। पुलिस ने उसके परिजनों की शिकायत पर केस दर्ज कर उसको बरामद कर लिया और उसे ले जाने वाले युवक को दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। किशोरी के पिता ने 18 जनवरी को थाने में केस दर्ज कराया कि वह मूलरूप से जिला बिजनौर के रहने वाले हैं। पिछले कुछ वर्षों से वह परिवार के साथ इलाहाबास में रहते हैं। छह जनवरी को उनकी नाबालिग बेटी लापता हो गई। उन्होंने परिचित और रिश्तेदारों के यहां बेटी को खोजा, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। करीब 14 दिन बाद भी बेटी के न मिलने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। उन्होंने आशंका जताई कि उनकी बेटी को जिला हाथरस निवासी सुमित कुमार नामक युवक बहला-फुसलाकर ले गया है। आशंका थी कि आरोपी युवक उनकी बेटी के साथ कोई अनहोनी घटना न कर दे। इससे पूरा परिवार डरा हुआ था। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि आरोपी और किशोरी को खोजने के लिए दो टीम गठित की गई थीं। किशोरी को बरामद करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पॉक्सो ऐक्ट के तहत केस दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## हमारा आंगन-हमारे बच्चे कार्यक्रम आज से

नोएडा । निपुण लक्ष्य को पाने के लिए 'हमारा आंगन-हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन इस बार 20 जनवरी से 01 फरवरी तक दो चरणों में होगा। पहला चरण विकास खंड स्तर पर 20 से 25 जनवरी और दूसरा चरण जिले स्तर पर 27 जनवरी से एक फरवरी तक होगा। इस संबंध में समग्र शिक्षा की राज्य परियोजना निदेशक कंचन वर्मा ने सर्कुलर जारी कर दिया। वहीं, प्रदेश के सभी ब्लॉकों के लिए प्रति प्रतिभागी 150 रुपये जारी किए गए। स्थलीय व्यवस्था के लिए प्रति जिला 50 हजार रुपये दिए गए हैं।

## हैबतपुर में सड़क पर जलभराव से दिक्कत

ग्रेटर नोएडा । हैबतपुर गांव में सरकारी स्कूल तक जाने वाला रास्ते की हालत बेहद ही खराब है। इसका कारण वहां पर जलभराव की समस्या है। सड़क पर पानी भरा होने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। पिछले कई दिनों से बारिश होने की वजह से सड़क पर जलभराव हो गया है। ऐसे में बच्चों को विद्यालय तक पहुंचने में कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय में करीब 200 बच्चे हैं। लोगों ने इस सड़क को जल्द ठीक कराने की मांग की है।

## दादरी क्षेत्र में दो निर्माण कार्यों की शुरुआत

नोएडा । दादरी क्षेत्र में होने वाले दो कार्यों का सांसद डॉ महेश शर्मा और विधायक तेजपाल नागर ने उदघाटन किया। सिंचाई और जल संसाधन विभाग यहां हिंडन यमुना डोभाल बांध के निर्माण और मरम्मत का कार्य करेगा। इस पूरे कार्य की लागत 3.09 करोड़ रुपये है। इसकी लंबाई 4.50 किलोमीटर है। विधायक तेजपाल नागर ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे जल संरक्षण, बाढ़ प्रबंधन और आवागमन में सुधार होगा। इस अवसर पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों की उपस्थिति रही।

## फैडरेशन ऑफआरडब्ल्यूए सेक्टर-34 का चौथी बार केके जैन अध्यक्ष व धर्मेन्द्र शर्मा बने महासचिव

नोएडा । फैडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूए सेक्टर-34 का आज हुए चुनाव में अध्यक्ष पद पर केके जैन तथा महासचिव पद पर धर्मेन्द्र शर्मा भरी मतों से विजयी हुए। सेक्टर-34 में रविवार को फैडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूए सेक्टर-34 के मतदान हुआ। जिसमें विभिन्न पदों पर चुनाव हुआ। जिसमें केके जैन एवं धर्मेन्द्र शर्मा पैनल एकतरफा विजयी रहा। यहां कुल 14 सोसायटी से 28 प्रतिनिधियों के वोट किया है। इनमें 20 लोगों ने मतदान किया और 20 वोट पाकर केके जैन एवं धर्मेन्द्र शर्मा पैनल विजयी रहा। अध्यक्ष पद पर केके जैन ने एसपी चमौली को महासचिव पद पर धर्मेंद्र शर्मा ने एसके सिंघल को, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर राजेश कुमार राय ने जगदीश जोशी को, उपाध्यक्ष पद पर कुलदीप मुंशी ने जगत सिंह को तथा कोषाध्यक्ष पद पर एमसी भारद्वाज ने सुधीर सिंह को हराया। इससे पहले भी एसपी चमोली पैनल पिछले दो चुनावों में हार चुका है। इस बड़ी जीत पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष केके जैन एवं महासचिव धर्मेन्द्र शर्मा ने कहा कि नवगठित कार्यकारिणी का लक्ष्य सेक्टर के विकास कार्यों में और अधिक तेजी लाना है, जिसके लिए हमेशा प्रयास रहेगा। उन्होंने सभी सदस्यों का आभार भी व्यक्त किया। बता दें कि फेडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूए सेक्टर-34 के चुनाव 2025 को काफी गहमागहमी रही। बीते बुधवार को नामांकन हुआ था। फैडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूए सेक्टर-34 में कुल 14 आरडब्ल्यूए फेडरेशन की सदस्य है। केके जैन और धर्मेन्द्र शर्मा ने चौथी बार अध्यक्ष और महासचिव पद पर विजय प्राप्त की है। नामांकन के दिन से ही केके जैन और धर्मेन्द्र शर्मा पैनल चुनाव में जीत को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त दिखाई दे रहा था। उन्होंने कहा था कि पूर्व के कार्यकाल में किए गए सेक्टर के विकास के कार्य ही हमारी जीत का रास्ता खोलेंगे।

## दिल्ली के शातिर बदमाश को नोएडा पुलिस ने मुठभेड़ में किया लंगड़ा, 10 मुकदमे दर्ज



नोएडा । एनसीआर में हत्या और लूट जैसे संगीन अपराध करने वाले एक शातिर बदमाश को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। पैर में गोली लगने से बदमाश घायल हुआ है। इस बदमाश के खिलाफ़ दिल्ली के विभिन्न थानों में 10 मुकदमे दर्ज हैं। बताया जा रहा है कि बदमाश चोरी की बाइक पर सवार होने के बाद हथियार लेकर किसी वारदात को करने की फिराक में था। इसी दौरान बदमाश थाना सेक्टर-126 पुलिस के शिकंजे में फंस गया। एडीशनल डीसीपी नोएडा मनीष मिश्र ने बताया कि देर रात को थाना सेक्टर-126 पुलिस द्वारा पुश्ता रोड पर चेकिंग की जा रही थी, चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल पर आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने उसे रुकने का इशारा किया, तो वह भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस द्वारा पीछा किए जाने पर आरोपी ने पुलिस टीम पर फायर कर भागने का प्रयास किया।उन्होंने बताया कि पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी कार्यवाही में आरोपी गोली लगने के कारण घायल हो गया। घायल बदमाश की पहचान सूरज तिवारी उर्फ राहुल के रूप में हुई। बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एडिशनल डीसीपी ने बताया कि बदमाश से पूछताछ के दौरान पता चला है कि आरोपी हत्या और लूट जैसे संगीन अपराध में वांछित है। उन्होंने बताया कि नोएडा के अलावा दिल्ली पुलिस भी इस बदमाश की तलाश कर रही थी । बरामद मोटरसाइकिल दिल्ली से चुराई गई है। जिसके संबंध में थाना गोविन्दपुरी, साउथ ईस्ट, दिल्ली में मुकदमा पंजीकृत है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त के अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

## सफाई कर्मचारियों को सस्ते मकान के लिए केजरीवाल ने लिखा प्रधानमंत्री को पत्र



नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का कहना है कि दिल्ली में सफाई कर्मचारियों को घर बनाने के लिए सस्ती दर पर जमीन उपलब्ध कराई जानी चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार से सस्ती जमीन उपलब्ध कराने की मांग की है। केजरीवाल का कहना है कि यदि जमीन उपलब्ध कराई जाती है तो दिल्ली सरकार इस पर घर बनाकर सफाई कर्मचारियों को देगी और सफाई कर्मचारी मासिक किस्त के जरिए मकान और जमीन की रकम का पैसा लौटाएंगे। केजरीवाल के अनुसार, यह योजना कामयाब होने पर सभी सरकारी कर्मचारियों को इसका लाभ दिया जा सकता है। अरविंद केजरीवाल ने इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र भी लिखा है। इस पत्र में उन्होंने लिखा, मैं एनडीएमसी और एमसीडी क्षेत्रों में काम करने वाले सफाई कर्मचारियों के एक अति महत्वपूर्ण मुद्दे पर आपका ध्यान आकर्षित करने के लिए यह पत्र लिख रहा हूं। ये कर्मचारी हमारे शहर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं। वे नौकरी के दौरान सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए आवासों में रहते हैं, लेकिन रिटायरमेंट के बाद उन्हें ये घर खाली करने पड़ते हैं। वे अपना खुद का घर खरीदने या दिल्ली में महंगे किराए पर घर लेने में असमर्थ होते हैं, जिससे वे और उनके परिवार असुरक्षित स्थिति में आ जाते हैं। अरविंद केजरीवाल का कहना है, चूंकि दिल्ली में जमीन से जुड़े मामले केंद्र सरकार के अधीन आते हैं, इसलिए आपसे अनुरोध है कि केंद्र सरकार सफाई कर्मचारियों के लिए रियायती दरों पर जमीन उपलब्ध कराए। दिल्ली सरकार इन जमीनों पर इनके लिए घर बनाकर देगी और कर्मचारी इन घरों की लागत को आसान किस्तों में सरकार को वापस चुका देंगे। यह समस्या सभी सरकारी कर्मचारियों की है, खासकर निचले तबके के कर्मचारियों की। केजरीवाल ने पत्र में लिखा, इसलिए मेरी आपसे अपील है कि यह योजना सफाई कर्मचारियों से शुरू की जाए और उसके बाद सभी सरकारी कर्मचारियों के लिए लागू की जाए। मुझे विश्वास है कि आप इस प्रस्ताव से सहमत होंगे और इस पर शीघ्र कार्य योजना बनाकर काम करेंगे। अपने ऊपर हुए हमले पर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जिस तरह का कैंपेन हम देख रहे हैं इस तरह का कैंपेन दिल्ली के लोगों ने देखा नहीं है, इस तरह की हिंसा नहीं देखी है। एक पूर्व मुख्यमंत्री के ऊपर हमला करने की कोशिश की जाए। देश और समाज के लिए मेरा जीवन समर्पित है। उन्होंने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि वे बुरी तरह से चुनाव हार रहे हैं। गौरतलब है कि केजरीवाल के खिलाफ चुनाव लड़ रहे भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने लिख कर दिया है कि केजरीवाल 20 हजार वोटों से चुनाव हारने जा रहे हैं। प्रवेश वर्मा के इस दावे पर अरविंद केजरीवाल का कहना था उनको सपने में जीने दो।

## नई दिल्ली में परेड रिहर्सल के चलते यातायात में बदलाव, तीन दिन यहां आने से बचें

नई दिल्ली । गणतंत्र दिवस समारोह में सिर्फ एक सप्ताह बचा है और इसे लेकर की जा रही तैयारियां भी अब अंतिम चरण में हैं। साथ ही गणतंत्र दिवस के समारोह में होने वाले परेड के लिए फूल ड्रेस रिहर्सल की भी शुरुआत हो चुकी है। यह रिहर्सल परेड 21 जनवरी तक जारी रहेगी। इसे लेकर दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है। परेड के सुचारू संचालन के लिए विशेष यातायात व्यवस्था के तहत कुछ मार्गों पर रूट परिवर्तन के साथ प्रतिबंध भी रहेगा। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस ने कुछ वैकल्पिक मार्ग भी सुझाए हैं। दिल्ली पुलिस ने एडवाइजरी में कहा है कि कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड रिहर्सल की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए विशेष ट्रैफिक व्यवस्था की गई है। यह व्यवस्था शुक्रवार से शुरू हो चुकी है। परेड रिहर्सल के कारण 18, 20 और 21 जनवरी को लोगों के आवाजाही में दिक्कत न हो, इसके लिए ट्रैफिक एडवाइजरी का पालन करें। एडवाइजरी के अनुसार, कर्तव्य पथ-रफी मार्ग क्रॉसिंग, कर्तव्य पथ-जनपथ क्रॉसिंग, कर्तव्य पथ-मानसिंह रोड क्रॉसिंग और कर्तव्य पथ-सी हेक्सागन पर पूर्वाह्न 10.15 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक यातायात पर प्रतिबंध रहेगा। इन रास्तों का करें इस्तेमालदिल्ली पुलिस के विशेष पुलिस आयुक्त यातायात प्रबंधन अजय चौधरी ने बताया कि नॉर्थ दिल्ली से साउथ दिल्ली और साउथ दिल्ली से जाने वाले लोग रिंग रोड, सराय काले खां, आइपी फ्लाईओवर, राजघाट, लाजपत राय मार्ग, मथुरा रोड, भैरों रोड, रिंग रोड, अरबिंदो मार्ग, सफदरजंग रोड, कमाल अतातुर्क मार्ग, कौटिल्य मार्ग से जा सकते हैं। ईस्ट दिल्ली से साउथ-वेस्ट की ओर जाने वाले लोग रिंग रोड से वंदे मातरम मार्ग से जा सकते हैं।

इसी तरह विनय मार्ग, शांति पथ या नई दिल्ली और उससे आगे जाने वाली गाड़ियों को सरदार पटेल मार्ग, मदर टेरेसा क्रिसेंट, राउंड अबाउट आरएमएल, बाबा खड़क सिंह मार्ग या पार्क स्ट्रीट-मंदिर मार्ग से होते हुए उत्तर दिल्ली या नई दिल्ली की ओर से होकर जाना पड़ेगा।

## दिल्ली में भरी सड़क पर धू-धू कर जली कार, शादी का कार्ड बांटने निकले शख्स की मौत



नई दिल्ली । राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार रात को एक दिल दहला देने वाली दुर्घटना में अपनी शादी का निमंत्रण कार्ड बांटने गए शख्स की कार में ही जलकर मौत हो गई। यह हादसा गाजीपुर में बाबा बैंक्वेट हॉल के पास हुआ। कार में अचानक आग लग गई जिसकी वजह से शख्स अंदर ही जलकर मर गया। नवादा के रहने वाले अनिल की 14 फरवरी को शादी होने वाली थी। घटनास्थल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें वैगन आर भरी सड़क पर धू-धू कर जलती नजर आ रही है। कार में आग कैसे लगी इसकी वजहों का अभी पता नहीं चल पाया है। परिजनों का कहना है कि अनिल दोपहर को अपनी शादी के निमंत्रण कार्ड बांटने के लिए घर से बाहर निकला था। वह शाम तक वापस नहीं लौटा तो परिजनों को उसकी फिक्र हुई। इसके बाद परिजन उसे फोन मिलाने लगे तो वह स्विचऑफ निकला। इसके बाद पुलिस का देर रात को परिजनों को फोन आया। इसमें अनिल के दुर्घटना के बाद अस्पताल में होने की सूचना मिली। हालांकि बाद में परिजनों को पता चला कि अनिल अब इस दुनिया में नहीं है। वहीं एनसीआर के गाजियाबाद जिले के लोनी थाना क्षेत्र के कंचन पार्क कॉलोनी में एक घर में रविवार को तड़के शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। पीटीआई-भाषा की रिपोर्ट के मुताबिक, इस भीषण दुर्घटना में एक महिला और उसके बच्चों समेत कुल 4 लोग जिंदा जल गए। पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने पर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और घर में लगी आग को बुझाया। दमकल कर्मियों ने आग बुझाने के बाद घर से सभी की लाशें बरामद की। सभी तीसरे माले पर सो रहे थे। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) राहुल ने बताया कि दमकल कर्मियों ने दीवार तोड़कर सभी की लाशें बरामद की। मृतकों की पहचान महिला गुलबहार (32), उसके बेटे जान (9) और शान (8) और जीशान (7) के रूप में हुई है। कमरे में बहुत अधिक धुआं भरने के कारण चारों खुद को नहीं बचा सके। हालांकि दर्जी का काम करने वाला परिवार का मुखिया शाहनवाज किसी तरह बच गया। पुलिस ने आग लगने की वजहों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।

## दिल्ली में डार्कवेब ड्रग गिरोह का भंडाफोड़, 2.1 करोड़ रुपये की हाइड्रोपोनिक गांजा जब्त

नई दिल्ली । दिल्ली क्राइम ब्रांच ने अंतरराष्ट्रीय डार्क वेब ड्रग कार्टेल को ध्वस्त किया है। टीम ने करीब 2 करोड़ से अधिक कीमत वाले हाइड्रोपोनिक वीड को जब्त किया है। इसकी मात्रा करीब 6 किलोग्राम थी। यह जब्ती दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले राजधानी में चल रहे ऑपरेशन कवच के तहत की गई है। इस अभियान में अवैध शराब, ड्रग्स और अवैध हथियार को जब्त किया जा रहा है। आइए जानते हैं क्या है पूरा मामला। एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया कि ब्लॉकचेन-आधारित गोपनीयता वाली संचार ऐप और डेड डिलीवरी तकनीत का इस्तेमाल करके, सिंडिकेट डार्क वेब के माध्यम से संचालित होता था। अधिकारी ने बताया कि इसमें क्रिप्टोकरेंसी के जरिए लेन-देन किया जाता था। इस भंडाफोड़ के बाद दिल्ली के रहने वाले 46 वर्षीय अब्दुल मलिक उर्फ परवेज और 35 वर्षीय मयंक नैयर को गिरफ्तार किया गया। ये लोग इस रैकेट के मुख्य व्यक्ति हैं। इस रैकेट की जांच तब शुरू हुई जब पुलिस ने विदेशी डाकघर में कई ड्रग पार्सल पकड़े। इनमें यूएसए से आए हुए 5 किलोग्राम से अधिक हाइड्रोपोनिक वीड था। हालाँकि पार्सल फर्जी प्राप्तकर्ताओं को भेजे गए थे, लेकिन इंटरनेट कम्युनिकेशन और डेटा माइनिंग के विश्लेषण से पुलिस को अब्दुल मलिक का पता लगाने में मदद मिली, जिसे नशीले पदार्थ इकट्ठा करने थे। उन्होंने कहा कि उसके परिसर पर छापेमारी में 871 ग्राम अतिरिक्त चरस और नशीली दवाओं के लेन-देन में इस्तेमाल किया जाने वाला एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। पूछताछ करने पर मलिक ने खुलासा किया कि वह सिंडिकेट के सरगना नैय्यर के अधीन काम करता था। अधिकारी ने बताया कि गुरुग्राम से बीबीए ग्रैजुएट नैय्यर के परिवार का कैंसर दवा एक्सपोर्ट वाले बिजनेस था। उन लोगों को कोविड-19 महामारी के दौरान काफी नुकसान हुआ तो उसने इसके बाद ड्रग तस्करी की ओर रुख किया। उसने डार्क वेब की अपनी नॉलेज और जानकारियों का खूब लाभ उठाया और फिर नैय्यर ने यूएसए से हाई डिमांड वाली हाइड्रोपोनिक वीड का ऑर्डर किया। उसने क्रिप्टोकरेंसी के माध्यम से भुगतान किया और मलिक के माध्यम से डिलीवरी की।

## दिल्ली-एनसीआर में घने कोहरे का असर, 41 ट्रेनें लेट



नई दिल्ली । दिल्ली-एनसीआर में रविवार को घना कोहरा छाया रहा, जिससे कई मार्गों पर ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ और यात्रियों को सफर करने के लिए काफी परेशानी उठानी पड़ी। नई दिल्ली में रविवार सुबह कोहरा छाया रहा और तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि दृश्यता काफी कम रही। रेलवे अधिकारी यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं, लेकिन ट्रेनों में देरी सुबह से ही जारी है। दिल्ली से चलने वाली कुल 47 ट्रेनें प्रभावित हुईं, जिनमें से 41 तीन घंटे से अधिक देरी से चल रही हैं। केआईआर-एएसआर एक्सप्रेस, लिच्छवी एक्सप्रेस, गोरखधाम एक्सप्रेस, पुरुषोत्तम एक्सप्रेस, महाबोधि एक्सप्रेस, मालवा एक्सप्रेस और साउथ एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों में बहुत देरी देखी गई। इसके अलावा छह ट्रेनों के शेड्यूल में संशोधन किया गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली और एनसीआर में घने कोहरे की सूचना दी है, जिससे ठंड का दौर जारी रहने की संभावना है। 21 जनवरी तक सामान्य कोहरा छाए रहने और उसके बाद 22 और 23 जनवरी को हल्की बारिश या गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। सुबह का तापमान 7 डिग्री सेल्सियस और 12 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है, जबकि दिन का तापमान 18 डिग्री सेल्सियस और 21 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। नई दिल्ली और हजरत निजामुद्दीन जैसे प्रमुख स्टेशनों से जाने वाले यात्रियों को असुविधा को कम करने के लिए आधिकारिक रेलवे ऐप और स्टेशन घोषणाओं के माध्यम से ट्रेन शेड्यूल पर अपडेट रहने की सलाह दी गई है। ट्रेन सेवाओं को प्रभावित करने के अलावा, घने कोहरे ने दिल्ली की वायु गुणवत्ता को और खराब कर दिया है। शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) गिरकर 335 पर आ गया, जिसे समीर ऐप के अनुसार %बहुत खराब% श्रेणी में रखा गया है, जो शनिवार के 248 से काफी कम है। जबकि वायु गुणवत्ता में उतार-चढ़ाव हो रहा है, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने एक्यूआई स्तरों में पहले से सुधार के कारण ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के तहत स्टेज-III प्रतिबंध हटा दिया है।

## बिट्टू ने दिल्ली के लोगों से की 'आप' के बहकावे में नहीं आने की अपील



नई दिल्ली । रेल राज्य मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता रवनीत सिंह बिट्टू ने आम आदमी पार्टी (आप) पर महिलाओं के साथ छल करने का आरोप लगाया है और दिल्ली के लोगों से आप के नेताओं के बहकावे में नहीं आने की अपील की है। बिट्टू ने रविवार को दिल्ली भाजपा के मुख्यालय में आयोजित संवाददता सम्मेलन में आप संयोजक एवं पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला और कहा कि अन्ना हजारे को आगे करने तथा तत्कालीन संयुक्त प्रगतिशील संगठबंध (संप्रग) सरकार के भ्रष्टाचार को मुद्दा बना कर सत्ता प्राप्त करने वाले केजरीवाल और आप पार्टी खुद ही भ्रष्टाचार में लिप्त हो गयी। भ्रष्टार के मामले में आप के कई नेताओं को जेल जाना पड़ा। उन्होंने कहा कि केजरीवाल पंजाब सरकार का पैसा लूटकर रोज संवाददाता सम्मेलन का आयोजन करते हैं। महिलाओं को झूठा प्रलोभन देते हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने महिलाओं को लुभाने के लिए उन्हें 2100 रुपये प्रति माह देने का वादा किया और इसको लेकर फॉर्म भी भरवाने लगे। उन्होंने कहा कि इस तरह के वादे केजरीवाल दिल्ली और पंजाब में पहले भी कर चुके हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि पहले इन्होंने दिल्ली में 1000 हजार रुपये देने का वादा किया था, लेकिन एक पैसा नहीं दिया। उन्होंने कहा, आप ने पंजाब और दिल्ली दोनों जगह पिछली बार 1000 रुपए देने का वादा किया था। इसके लिए फॉर्म भी भरवाए थे, लेकिन, कहीं भी इसे पूरा नहीं किया। अब आप ने महिलाओं को 2100 रुपए देने का वादा किया है, लेकिन सत्ता में आने के बाद ये एक पैसा नहीं देंगे। इसलिए मैं दिल्ली की महिलाओं को अपील करता हूं कि वे इनके बहकावे में न आएं। छल इनके रग-रग में भरा हुआ है। भाजपा नेता ने कहा कि पंजाब में ड्रग का मुद्दा बनाकर सत्ता प्राप्त करने वाली आप और केजरीवाल ने दिल्ली में लोगों को शराबी बनाने का काम किया। उन्होंने कहा, 卐आप सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में एक पर एक मुफ्त की योजना लाकर लोगों को शराबी बनाने का काम किया। यहां के जो लोग पहले कम शराब पीते थे, इस योजना के बाद वे ज्यादा शराब पीने लगे। इस योजना में हुए घोटाले से केजरीवाल ने शीश महल बनवाने का काम किया। इस दौरान उन्होंने पंजाब सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पंजाब सरकार ने प्रसिद्ध गायक सिद्धू मुसेवाला की सुरक्षा वापस लेकर उन्हें मरवाने का काम किया। उन्होंने कहा, पंजाब सरकार ने ड्रग के कारोबार को रोकने के लिए कोई काम नहीं किया है। राज्य में काफी युवक नशे की लत की चपेट में हैं और इसके कारण जान गंवा रहे हैं।卐 उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार की गलत नीतियों के कारण राज्य में बेरोजगारी बढ़ी है और राज्य के युवा रोजगार की तलाश में कनाडा जैसे देशों में पलायन कर रहे हैं। उन्होंने दिल्ली के लोगों से आप और केजरीवाल के बहकावे में नहीं आने और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनवाने के लिए भाजपा को वोट करने की अपील की।

# सुविख्यात इमरजेंसी मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक चौधरी सिम्स हॉस्पिटल का हिस्सा बने

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



मथुरा। देश के जाने-माने इमरजेंसी मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक चौधरी ने अब सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (सिम्स) हॉस्पिटल, मथुरा में अपनी सेवाएं देना शुरू कर दी हैं। अपने करियर में कई प्रतिष्ठित अस्पतालों में काम कर चुके डॉ. अभिषेक ने इमरजेंसी चिकित्सा के क्षेत्र में गहरा अनुभव हासिल किया है। डॉ. अभिषेक ने लखनऊ से एमबीबीएस करने के बाद लंदन से एमपीएच की डिग्री हासिल की। इसके बाद उन्होंने मुंबई से अत्यधिक चुनौतीपूर्ण एमडी (एक्सीडेंट एवं इमरजेंसी मेडिसिन) की डिग्री प्राप्त की। यह डिग्री हासिल करने वाले भारत में डॉक्टरों की संख्या बेहद कम है, और मथुरा में इस डिग्री के एकमात्र विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक हैं। सिम्स हॉस्पिटल मथुरा का सबसे व्यस्त इमरजेंसी सेंटर है, जहां प्रतिदिन गंभीर मरीज इलाज के लिए आते हैं। इनमें जहर खाने, गनशॉट, फांसी, ट्रॉमा, सड़क दुर्घटना, सांस फूलना, हार्ट अटैक, लकवा, ब्रेन स्ट्रोक और हड्डी टूटने जैसी आपातकालीन समस्याओं वाले मरीज शामिल हैं। डॉ. अभिषेक अब सिम्स हॉस्पिटल के इमरजेंसी विभाग का नेतृत्व कर रहे हैं और अपनी विशेषज्ञता से मरीजों को जीवनरक्षक सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। सिम्स हॉस्पिटल से जुड़ने से पहले डॉ. अभिषेक ने देश के शीर्ष अस्पतालों जैसे मुंबई के सरकारी अस्पताल, दिल्ली के फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल में सेवाएं दी हैं। उनके अनुभव और विशेषज्ञता से सिम्स हॉस्पिटल को और बेहतर इमरजेंसी सेवाएं प्रदान करने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर सिम्स हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. गौरव भारद्वाज ने कहा, यह बृजवासियों के लिए गर्व की बात है कि वरिष्ठ इमरजेंसी मेडिसिन विशेषज्ञ अब सिम्स हॉस्पिटल में उपलब्ध हैं। डॉ. अभिषेक के अनुभव से आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं का स्तर और ऊंचा होगा। सिम्स है तो मुमकिन है। डॉ. अभिषेक के सिम्स हॉस्पिटल से जुड़ने से मथुरा के लोगों को विश्वस्तरीय इमरजेंसी सेवाओं का लाभ मिलेगा।

# तड़ातड़ गोलियों से गूंज उठा अगौता का ग्राम अभयपुर, घुड़चढ़ी में सौ राउंड फायरिंग

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर के अगौता थाना क्षेत्र स्थित ग्राम अभयपुर में शनिवार को घुड़चढ़ी के दौरान युवकों ने अंधाधुंध फायरिंग कर गांव को गोलियों की आवाज से गूंजा दिया। वैध और अवैध असलहों से सौ राउंड से अधिक फायरिंग किए जाने का मामला सामने आया।

पुलिस ने दो नामजद सहित चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, हालांकि सभी अभियुक्त फरार होने में कामयाब रहे। जानकारी के अनुसार, अभयपुर निवासी पल्लव पुत्र राजेंद्र की शादी के घुड़चढ़ी समारोह में राजेश पुत्र रामचरन ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इसी दौरान गोपालपुर सिकंदराबाद निवासी अंकित पुत्र मनवीर और अन्य दो-तीन युवकों ने भी राइफल, पिस्टल, कट्टे, और तमंचों से हर्ष फायरिंग की। फायरिंग के दौरान असलहों का खुलकर प्रदर्शन किया गया। इस घटना का वीडियो गांव के कुछ लोगों ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने वीडियो कब्जे में लेकर राजेश, अंकित, और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 और आयुध अधिनियम की धारा 30 के तहत मामला दर्ज किया। एसआई दिनेश कुमार मलिक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है, लेकिन किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

## संक्षिप्त समाचार

### चलती कार में वीडियो बनाना पड़ा भारी, ट्रक से भिड़ी कार, चालक घायल

उजाला हितैषी एक्सप्रेस अमित कुमार

हापुड़। बाबूगढ़ हाईवे-9 पर चलती कार में ड्राइविंग के दौरान वीडियो बनाना युवक को महंगा पड़ गया। ध्यान भटकने के कारण कार अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक से जा टकराई। हादसे में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना रविवार दोपहर करीब चार बजे बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के राजाजी होटल के पास हुई। मुरादाबाद से दिल्ली की ओर जा रही कार ट्रक की चपेट में आकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी विजय गुप्ता पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायल युवक सुदीप (निवासी सिविल लाइन, मुरादाबाद) को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिखैड़ा में भर्ती कराया। हादसे से हाईवे पर यातायात बाधित हो गया, जिसे पुलिस ने क्रेन की मदद से सुचारू कराया। थाना प्रभारी ने बताया कि कार चालक का मोबाइल वीडियो जांच में पाया गया कि वह ड्राइविंग के दौरान वीडियो बना रहा था, जिससे दुर्घटना हुई। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### भाकियू भूमि पुत्र ने खुर्जा को औद्योगिक नगरी का दर्जा देने की मांग की



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। जहांगीरपुर। खुर्जा में वरिष्ठ पदाधिकारियों और उद्योगपतियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें शहर के विकास और बुनियादी सुविधाओं पर चर्चा की गई। बैठक में वरिष्ठ समाजसेवी रजी अंसारी ने सरकार से खुर्जा को औद्योगिक नगरी का दर्जा देने, आधुनिक सुविधाओं से युक्त अस्पताल बनाने और जेवर-खुर्जा व सिकंदराबाद-खुर्जा मार्ग पर बाईपास रोड बनाने की मांग रखी। बैठक में अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भी अपने विचार साझा किए और खुर्जा के विकास को लेकर कई अहम सुझाव दिए। भारतीय किसान यूनियन भूमिपुत्र ने उद्योगपतियों और व्यापारियों के साथ मिलकर शहर की मूलभूत सुविधाओं के लिए आवाज उठाने का संकल्प लिया। इस सिलसिले में, वरिष्ठ समाजसेवी रजी अंसारी और राष्ट्रीय सचिव रमेशचंद्र राही के नेतृत्व में जल्द ही एक बड़ी बैठक का आयोजन होगा, जिसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह, राष्ट्रीय संगठन मंत्री (युवा मोर्चा) केशव अग्रवाल, सत्येंद्र, भीम, असपाक, जीतू चौहान, ऋषि शर्मा, नियाज मोहम्मद, मोहम्मद उवैश राइन, आमिर अल्वी, जीशान कुरैशी, तहसीन, शोएब अंसारी, एमएफ कुरैशी, कासिम सलमानी, सुहैल खान, हासिम, अनस कुरैशी आदि उपस्थित रहे।

### भैंस की टक्कर पर दो पक्षों में पथराव, 12 लोग घायल

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मजीदपुरा में भैंस की टक्कर के बाद दो पक्षों के बीच विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। रविवार शाम करीब सात बजे हुए इस विवाद में मारपीट और जमकर पथराव हुआ, जिसमें चार महिलाओं समेत 12 लोग घायल हो गए। घटना उस समय हुई जब मोहल्ला निवासी साहिल अपने घर लौट रहा था। आरोप है कि मोहल्ले में इदरीश की भैंस ने साहिल को टक्कर मार दी। इसके बाद साहिल और वहां खड़े कुछ युवकों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो मारपीट में बदल गई। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और पथराव शुरू हो गया। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक हरि कुमार और जदीद चौकी प्रभारी प्रवीण चौधरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायलों को गढ़ रोड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। घायलों में साहिल, अलीमुद्दीन, फिरोज, सलमान, सलीमुद्दीन, हुस्नबानो, इदरीश, यूसुफ, जानू, आशिया, नाजमां और छोटे खां शामिल हैं। पुलिस के पहुंचने पर दोनों पक्ष के लोग वहां से भाग गए, हालांकि पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। सीओ जितेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि मारपीट और पथराव की सूचना के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस घटना की जांच कर रही है और हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ जारी है।

### भाजपा विधायक का व्हाट्सएप अकाउंट हैक, साइबर ठगों ने मांगे पैसे

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। भाजपा विधायक लक्ष्मीराज सिंह का व्हाट्सएप अकाउंट साइबर ठगों द्वारा हैक कर लिया गया। ठगों ने विधायक के परिचितों और रिश्तेदारों को मैसेज भेजकर आर्थिक मदद की मांग की। मैसेज में मुसीबत में होने का हवाला देकर पैसे ट्रांसफर करने का आग्रह किया गया। कुछ लोग ठगों की चाल में आकर पैसे ट्रांसफर भी कर बैठे। विधायक को इस धोखाधड़ी की जानकारी मिलने पर उन्होंने तुरंत साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई। फिलहाल साइबर टीम मामले की जांच-पड़ताल कर रही है और ठगों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। विधायक ने लोगों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध मैसेज का जवाब न देने की अपील की है। इस घटना ने साइबर सुरक्षा को लेकर लोगों में चिंता बढ़ा दी है।

### सीएम फडणवीस विश्व आर्थिक मंच में हिस्सा लेने दावोस रवाना

मुंबई । महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस रविवार रात्रि को विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) में हिस्सा लेने के लिए स्विट्जरलैंड के दावोस रवाना हो गए। मुख्यमंत्री कार्यालय ने इस बात की जानकारी रविवार सुबह देते हुए एक बयान जारी किया है। सोमवार से शुरू हो रहे विश्व आर्थिक मंच के पांच दिवसीय कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सीएम फडणवीस मध्य रात्रि को दावोस रवाना हुए हैं। इस बयान में बताया गया है कि इस दौरान मुख्यमंत्री फडणवीस डेटा सेंटर, ऑटोमोबाइल, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक वाहन, इलेक्ट्रॉनिक्स, इस्पात, खाद्य प्रसंस्करण, कपड़ा, फार्मा, बुनियादी ढांचा और अन्य क्षेत्रों के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर भी कर सकते हैं। इसके साथ ही जानकारी में कहा गया कि महाराष्ट्र को एक हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को हासिल करने और रोजगार सृजन पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया जाएगा। यहां बताते चलें कि इससे पहले फडणवीस ने मुख्यमंत्री के तौर पर अपने पहले कार्यकाल के दौरान भी तीन बार विश्व आर्थिक मंच में हिस्सा लिया था। ऐसे में इस दावोस दौरे को लेकर खासी उम्मीदें बंधी हैं।

# विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने जनसुनवाई में समस्याएं सुनकर त्वरित समाधान के निर्देश दिए





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। सिकंदराबाद विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने ककोड़ नगर पंचायत कार्यालय पर आयोजित जनसुनवाई में आमजन से मुलाकात की। उन्होंने वहां आए नागरिकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने कहा, सिकंदराबाद विधानसभा मेरा परिवार है, और आपकी सेवा मेरी प्रथम प्राथमिकता है। आपकी समस्याओं का समाधान करना मेरा कर्तव्य है, और मैं हमेशा आपके साथ खड़ा हूं। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई, और विधायक ने यह सुनिश्चित किया कि सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा। उनका यह कदम जनता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और सेवा भावना को दर्शाता है।

# बुलंदशहर- गणतंत्र दिवस की तैयारी में पुलिस का पैदल मार्च

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। क्षेत्राधिकारी सिकंदराबाद श्रीमती पूर्णिमा सिंह ने थाना प्रभारी गुलावठी और पुलिस बल के साथ थाना गुलावठी क्षेत्र के बाजारों, भीड़भाड़ वाले इलाकों, महत्वपूर्ण और संवेदनशील स्थानों में पैदल मार्च किया। उन्होंने मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में सुरक्षा का जायजा लिया और होटल/ढाबों की चेकिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।







# मिशन शक्ति अभियान में महिलाओं को सुरक्षा, स्वावलंबन, और आत्मरक्षा हेतु जागरूक किया गया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने हेतु मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत जनपद के विभिन्न थानों की मिशन शक्ति/एंटी रोमियो पुलिस टीम ने क्षेत्र में अभियान चलाया। इस अभियान के अंतर्गत बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने, नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए प्रेरित किया गया। टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करते हुए उन्हें विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी, जिनमें महिला



हेल्प डेस्क, एंटी रोमियो स्क्वायड,



यूपी-112, वूमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, और एंबुलेंस-102 शामिल हैं। साथ ही, आत्मरक्षा के टिप्स, गुड टच और बैड टच के अंतर, और आपात स्थिति में क्या करना चाहिए, इस पर भी विशेष जानकारी दी गई। बाल श्रम उन्मूलन और साइबर सुरक्षा से संबंधित विषयों पर भी चर्चा की गई। अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त और सुरक्षित महसूस कराना है, ताकि समाज में घटित अपराधों पर प्रभावी रोकथाम लगाई जा सके।

# कार सवार लुटेरों से अरनिया पुलिस और स्वाट टीम की मुठभेड़, 2 घायल समेत 3 गिरफ्तार, लूटी गई कार व हथियार बरामद

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत दिनांक 18/19 जनवरी 2025 की रात थाना अरनिया पुलिस और स्वाट टीम द्वारा क्षेत्र में संदिग्ध वाहन और व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान एक सफेद रंग की संदिग्ध कार दिखाई दी, जिसे पुलिस ने रोकने का प्रयास किया, लेकिन कार चालक ने गाड़ी को तेज़ी से घुमा कर अलीगढ़ की ओर भागने की कोशिश की। पुलिस टीम द्वारा पीछा किया गया और अंततः रास्ता बंद होने के कारण बदमाशों को पकड़ा गया। बदमाशों ने पुलिस टीम से घिरते हुए जान से मारने की नियत से पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसे आत्मरक्षार्थ पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। इस दौरान दो बदमाशों, रमन पाठक और आकाश गिरी को गोली लगने से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। बदमाशों की गिरफ्तारी के बाद, उनके कब्जे से कई महत्वपूर्ण चीजें बरामद की गईं, जिनमें दो अवैध तमंचे, कारतूस, चाकू, लूटी गई कार, मोबाइल, कैंची और ब्लेड शामिल थे। इस दौरान 3000 रुपये नकद भी बरामद किए गए। इन शातिर अपराधियों ने 16 जनवरी 2025 को थाना अरनिया क्षेत्र में एक व्यक्ति से वैगनार कार और मोबाइल लूटने की घटना को अंजाम दिया था। इस संबंध में थाना अरनिया पर मामला दर्ज किया गया था। गिरफ्तार अभियुक्तों में रमन पाठक (पुत्र चेतन हरि, ग्राम नंगला ओझा, थाना चंदपा, जनपद हाथरस), आकाश गिरी (पुत्र अजय गिरी, ग्राम पकड़ी गोसाईं, थाना पटहेरवा, जनपद कुशीनगर), और शिवम सिंह (पुत्र किशन सिंह, ग्राम लेहा बाजिदपुर, थाना सिकन्द्राराऊ, जनपद हाथरस) शामिल हैं इन अभियुक्तों के खिलाफ थाना अरनिया पर मुअसं-19/25 धारा 109 बीएनएस और 3/4/25/27 आयुध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया जारी है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी टीम में थाना अरनिया पुलिस टीम से श्री पम्मी चौधरी (थाना प्रभारी), उ0नि0 सौरभ कुमार, उ0नि0 नवनीत कुमार, है0का0 सूबेराम नागर, का0 ललित कुमार, का0 मोहित बैसला, का0 कुलदीप कुमार, का0 विष्णु चौधरी, का0 जितेन्द्र कुमार और स्वाट टीम देहात से उ0नि0 श्री लोकेश अग्निहोत्री, है0का0 487 नेत्रपाल राणा, है0का0 700 नितिन कुमार, है0का0 1278 कुलदीप सिंह, है0का0 68 5 अरूण कुमार, का0 2505 मनीष कुमार, कां0 1480 आकाश कुमार, कां0 1821 विपिन कसाना, कां0 76 अजय सोलंकी रहे। इस गिरफ्तारी से पुलिस ने एक बड़ी लूटपाट की साजिश को नाकाम किया और इन अपराधियों को सलाखों के पीछे डालने में सफलता पाई।

# केजरीवाल का एक ओर वादा, सरकारी कर्मचारियों को आसान किश्तों में मकान



नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी के संयोजक व पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को एक और चुनावी घोषणा की।

उन्होंने कहा कि दिल्ली के अंदर सरकारी कर्मचारियों के लिए मकान बनाए जाएंगे और इन मकानों को आसान किश्त में खरीदा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि इस कल्याणकारी योजना की शुरुआत सफाई कर्मचारियों से होगी। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस संबंध में रविवार को एक प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को सब्सिडी पर जमीन आवंटित करने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। इस आवास योजना की जानकारी देते हुए केजरीवाल ने बताया कि योजना के तहत शुरुआत में एमसीडी और एनडीएमसी के सफाई कर्मचारियों को मकान दिए जाएंगे। जमीन आवंटित कराने का काम केंद्र सरकार का होगा और दिल्ली सरकार मकान बनवाएगी। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत अब नौकरी के दौरान ही सफाई कर्मचारी किस्तों में घर खरीद सकेंगे और रिटायर होने के बाद वह इसमें शिफ्ट भी हो सकेंगे।

# राजस्थान के सीएम भजनलाल ने महाकुंभ में लगाई आस्था की डुबकी

महाकुंभ नगर । राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार सुबह महाकुंभ में त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फोटो शेयर कर इसकी जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने महाकुंभ की व्यवस्थाओं को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जमकर प्रशंसा की। सीएम भजनलाल शर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में लिखा, प्रयागराज में आस्था, श्रद्धा और एकता के महासमागम महाकुंभ-2025 में पवित्र त्रिवेणी संगम पर आस्था की पावन डुबकी लगाने का अनुपम



सौभाग्य प्राप्त हुआ। तत्पश्चात, लेटे हुए हनुमान जी महाराज के दिव्य दर्शन एवं पूर्ण विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर समस्त प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, मंगलमय एवं आरोग्यमय जीवन हेतु प्रार्थना की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार देर रात महाकुंभ मेला क्षेत्र में सेक्टर 7 स्थित राजस्थान पवेलियन पहुंचे। सुबह बोट से त्रिवेणी संगम का अवलोकन किया। उन्होंने त्रिवेणी संगम घाट पर पावन डुबकी लगाने के बाद मां गंगे की पूजा अर्चना, भगवान महादेव का दूध एवं गंगा जल से अभिषेक भी किया। मुख्यमंत्री भजनलाल ने मां गंगे की आरती की और बड़े हनुमान जी के दर्शन भी किए। उन्होंने महाकुंभ के महाआयोजन को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मुक्त कंठ से प्रशंसा की और उन्हें इस आयोजन के कुशल संचालन के लिए बधाई दी। इससे पहले, मुख्यमंत्री शर्मा का शनिवार देर रात प्रयागराज एयरपोर्ट पर उत्तर प्रदेश के मंत्री नंद गोपाल नंदी ने स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने महाकुंभ में बने राजस्थान मंडप का अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राजस्थान के विभिन्न जनपदों से आए श्रद्धालुओं से भी भेंट की। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगाई थी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फोटो शेयर करते हुए लिखा, तीर्थराज प्रयागराज में, भारत की शाश्वत आध्यात्मिक विरासत और लोक आस्था के प्रतीक महाकुंभ में स्नान-ध्यान करके स्वयं को कृतार्थ अनुभव कर रहा हूं।

# महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर भाजपा और सपा नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

लखनऊ । राजस्थान के मेवाड़ के सिसोदिया राजवंश के राजा रहे महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राज्य के मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) के नेताओं ने श्रद्धांजलि दी। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता केशव प्रसाद मौर्य ने अपने आधिकारिक 'एक्स' खाते पर एक पोस्ट में लिखा, राष्ट्रभक्ति की खुशबू आती है, उस मेवाड़ी माटी से, स्वाभिमान क्या होता है, वो सीखो हल्दीघाटी से! मौर्य ने पोस्ट में कहा, महान पराक्रम और स्वाभिमान के प्रतीक, वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! उनका अदम्य साहस और मातृभूमि के प्रति अटूट समर्पण हमें सदैव प्रेरणा देता रहेगा। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा 卐अपने अदम्य साहस व वीरता से राजस्थान के इतिहास को सुशोभित करने वाले मेवाड़ रत्न वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि कोटि नमन। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने 'एक्स' पर अपने संदेश में कहा भारत के वीर सपूत, महान योद्धा एवं अद्भुत शौर्य व पराक्रम के प्रतीक महाराणा प्रताप जी की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में लिखा एक कविता लिखने के साथ ही कहा वीर शिरोमणि, पराक्रम के प्रतिमान, मां भारती के वीर सपूत एवं अद्वितीय योद्धा महाराणा प्रताप जी की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन वीर योद्धा महाराणा प्रताप का जन्म राजस्थान में नौ मई 1540 और निधन 19 जनवरी 1597 को हुआ था।